डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 84,928.61 +384.30

डॉलर 83.537 +0.057

रांची सर्राफा

10 ग्राम ₹74,080 | 01 किलो ₹98,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



अश्विन कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 24 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 340, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 भारत वैश्विक प्रगित का उत्प्रेरक...



## एक नजर

### कुएं से मां-बेटी का शव बरामद हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के उर्द्ववार मंजुराहा पंचायत के दुअरा गांव में नागेंद्र साव की 30 वर्षीय पत्नी गीता देवी और तीन साल की बच्ची पायल कुमारी की कुएं में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना रविवार रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। मृतका का पति दूसरे राज्य में मजदूरी करता है, जबकि घर में उसकी बूढ़ी सास साथ रहती थी। हुसैनाबाद थाना पुलिस ने सोमवार सुबह शवों को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। ग्रामीणों और पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है क्योंकि घर में गीता देवी और उसकी सास के अलावा कोई और नहीं था। अनुमान लगाया जा रहा है कि पति के साथ फोन पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ हो, जिससे महिला ने

# सीपीआर प्रशिक्षण को हर स्तर तक ले जाना है : के डॉ. गौरव

▸▸ सीपीआर तकनीक से जान बचाने की पहल : लायंस क्लब का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार को रामचंद्र चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, विश्रामपुर में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा आयोजित सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. गौरव विशाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण को हर स्तर तक पहुंचाने का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीवन बचाने की तकनीक से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में किसी की जान बचाने के लिए सीपीआर अत्यधिक उपयोगी है, और इसे स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से सभी तक पहुंचाना जरूरी है। डॉ. गौरव ने बताया कि 'गोल्डन ऑवर' के दौरान सीपीआर का सही उपयोग करके दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। इसके तहत, लोगों को कृत्रिम सांस देकर या दिल की धड़कन को पुनः चालू करने का प्रयास किया जाता है। यह प्रक्रिया जीवन रक्षक प्रणाली के रूप में चिकित्सा जगत में मान्य है।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्री रामचंद्र चंद्रवंशी, और आरसी यूनिवर्सिटी के चांसलर श्री ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित अन्य प्रमुख डॉक्टर और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्र, सहिया, और आम लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

डॉ. गौरव के साथ डॉक्टरों की टीम ने प्रतिभागियों को सीपीआर देने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से सीपीआर की तकनीक को विस्तार से समझाया।

**सीपीआर के महत्व पर जोर :** डॉ. गौरव ने बताया कि सीपीआर के अभाव में कई बार दिल के मरीज, बुजुर्ग या दुर्घटना में घायल लोग दम तोड़ देते हैं, जिन्हें सही समय पर सीपीआर देकर बचाया जा सकता है। लायंस क्लब का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और स्कूलों में इसे सिखाने का है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जीवन बचाया जा सके। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. रविश कुमार समेत अन्य प्रमुख डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया और प्रशिक्षण दिया।

### हैदरनगर व मोहम्मदगंज में मंईयां सम्मान यात्रा आज

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को गति देने के लिए विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में मंईयां सम्मान यात्रा की शुरूआत की गई है। इस यात्रा में कई विधायक और मंत्री शामिल होंगे। पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने इस यात्रा के प्रचार-प्रसार में सक्रियता से योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को यह यात्रा हुसैनाबाद, हैदरनगर, और मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्रों में निकाली जाएगी। यात्रा में मंत्री कल्पना मुर्मू, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, और मिथिलेश ठाकुर शामिल होंगे। इन नेताओं के आगमन पर प्रखंडों में जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके पहले, जिला परिषद उपाध्यक्ष टुटू सिंह की ओर से दोपहिया वाहन रैली के साथ मोहम्मदगंज में नेताओं का स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंडों में लाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने झामुमो के सभी कार्यकताओं से अपील की है कि वे इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में भाग लें और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## न्यूज बॉक्स

### शिक्षण अधिगम सामग्री सह कला प्रदर्शनी का आयोजन



**हुसैनाबाद।** सोमवार को अपग्रेडेड हाई स्कूल कामगारपुर में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन अपग्रेडेड हाई स्कूल बेनी कलां के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार पाण्डेय, शिक्षक रवीन्द्र कुमार, और संकुल साधन सेवी ओमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार ने की, जबकि संचालन वरीय शिक्षक अंगद किशोर ने किया। प्रदर्शनी में लगभग एक सौ बच्चों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शिक्षण अधिगम सामग्री और कलात्मक वस्तुएं बनाकर प्रस्तुत की। आगत अतिथियों ने कलात्मक वस्तुओं का मूल्यांकन कर उनकी तारीफ की। अतुल कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र-छात्राओं की यह प्रस्तुति अविस्मरणीय है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी अन्य शिक्षकों में सुरेन्द्र कुमार, सूरज कुमार, भंवर सिंह, संजय कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, वंदना कुमारी, और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न नारायण सिंह आदि शामिल थे।

### जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर दुकानदारों ने प्रदर्शन किया



**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के एनएच 139 की जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने राजद नेता कमलेश कुमार यादव और मो. डायमंड अली के नेतृत्व में पुरानी बस स्टैंड के समीप सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान दुकानदारों ने सांकेतिक रूप से अपनी दुकानें बंद कर दीं। दुकानदारों ने कहा कि जर्जर सड़क के कारण उड़ती धूल से जीना मुहाल हो गया है, और इसका व्यवसाय पर भी बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिनों के अंदर जर्जर सड़क का मरम्मत कर कालीकरण नहीं किया गया, तो वे सड़क को जाम करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में उपेंद्र कुमार, मो. सलीम, मो. अलीम, श्रवण कुमार, मुन्ना कुमार, रंजन कुमार, मो. जुगनू, बब्लू कुमार, मो. जमिक, अफरोज, रामजी, भोला, अमित सहित अन्य शामिल थे।

### संत निरंकारी मिशन का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 48 यूनिट रक्त संग्रह

**मेदिनीनगर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन दिल्ली के अधीन संत निरंकारी मिशन पलामू द्वारा वार्षिक निरंकारी संत समागम सह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन बैरिया में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। महापौर ने निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा की। सदगुरू की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि सच्चे सदगुरु के निर्देश में ही हमारा जीवन सुखमय हो सकता है। रक्तदान शिविर में निरंकारी मिशन के सेवादल व भाई बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पलामू व गढ़वा जिला के सभी शाखा से संत महापुरूष आए थे। सत्संग में विचार सेवा के लिए बिहार के राघोपुर से पहुंचे महात्मा ने कहा कि गुरमत में रहकर ही जीवन को सुखमय बना सकते हैं। उन्होंने ब्रह्मज्ञान द्वारा विश्व कल्याण की बात बताई। कहा कि निरंकारी मिशन मानव कल्याण का काम करता है और मानव को मानव से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि सत्संग से जुड़ना सत्य के संग से जुड़ना है। सतसंग के बाद जिज्ञासुओं को सदगुरु माता का दिया हुआ ब्रह्मज्ञान भी साझा किया। रक्तदान शिविर में 48 यूनिट रक्त संग्रह किया। संयोजक एके वर्मा ने समागम मे आए संतो के प्रति आभार व्यक्त किया।



# चेकिंग अभियान में 20 वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** सोमवार को चैनपुर थाना परिसर के मुख्य गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें वाहन चालकों से आवश्यक कागजात और हेलमेट की मांग की गई। कागजात और हेलमेट न होने पर पुलिस ने 20 वाहनों का चालान काटकर उन्हें जब्त किया।

चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार क्षेत्र के विभिन्न चौकों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि वाहन चालक हेलमेट और जरूरी दस्तावेज साथ लेकर चलें। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चेकिंग अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा, और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हरिहरगंज।** प्रखंड परिसर में सोमवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन विभिन्न विभागों के स्टॉल पर जमा किए।

कार्यक्रम के दौरान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट दिया गया। शिविर में सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही, वृद्धा पेंशन, शहरी पीएम आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 592 आवेदन प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, सीओ मनीष सिन्हा, प्रखंड प्रमुख कमला देवी, और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मुखिया नीतू कुमारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, कांग्रेस नेता कृष्णनंदन कुमार सिंह, आवास कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार, मोहन भुइया, रामप्रसाद भुइयां, बीनू जायसवाल, इंद्रदेव राम, कपिल देव यादव, पप्पू गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### अमानत नदी में नहाने के दौरान युवक डूबा मौत, देर शाम तक नहीं मिला शव



**पड़वा।** सोमवार को अमानत नदी में नहाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। देर शाम तक युवक का शव बरामद नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने दिनभर शव की खोजबीन किया गया। लेकिन शव नहीं मिला। शव नहीं मिलने सैकड़ो परिजनों व ग्रामीणों ने मेदनीनगर औरंगाबाद मुख्य पथ को अमानत नदी के पास जाम कर दिया। लगभग लगभग ढाई घंटे जाम रहने के बाद सदर थाना प्रभारी प्रभारी के आश्वासन के बाद आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मालूम हो कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे थाना क्षेत्र के सिंगरा कला के संदर भुइया अमानत नदी में नहाने गया था. इसी दौरान इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंचकर स्थानीय युवकों के सहयोग से शव को खोजने का प्रयास किया गया लेकिन शव नहीं मिल सका। ग्रामीणों का कहना था कि एनडीआरएफ की टीम के सहयोग से ही शव को निकाला जा सकता है। शव नहीं मिलने से से परिजनों में आक्रोश है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं किया सका है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने वाहन जब्त कर काटा चालान

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। वाहन जांच के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच में बगैर हेलमेट तथा ट्रिपल लोड चल रहे बाइक को जब्त कर शहर थाने में रखा गया। इनमें 22 मोटरसाइकिल को सीजीएम कार्यालय फाइन हेतू भेजा गया है। सीजीएम कार्यालय पलामू से 6 मोटरसाइकिल सीजीएम कार्यालय पलामू से 6 मोटरसाइकिल से चालान के रूप में 16000 तथा एक ई-रिक्शा और एक टेंपो सवारी गाड़ी से 5300 प्राप्त हुए। चालान के रूप में कुल 21300 राशि प्राप्त हुई है।

# काली मंदिर और शिव चबूतरे का सौंदर्यीकरण कार्य शुरू

▸▸ चार साल की प्रतीक्षा के बाद कार्य पूरा होने की उम्मीद

▸▸ अक्टूबर 2021 में श्रद्धालुओं ने डीआरएम को भेजा था ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे प्लेटफॉर्म निर्माण के दौरान प्रभावित काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का कार्य चार वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार शुरू हो गया है। अक्टूबर 2021 में श्रद्धालुओं ने स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीडीयू मंडल के डीआरएम को ज्ञापन भेजा था। इस ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए डीआरएम ने थर्ड लाइन विस्तारीकरण, स्टेशन भवन और प्लेटफॉर्म निर्माण में जुटी आरवीएनएल को निर्देश दिए थे।

आरवीएनएल के अधिकारियों ने तब लोगों को आश्वासन दिया था कि सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। बावजूद इसके, कार्य में चार साल की देरी हो गई, जबकि इस बीच थर्ड लाइन और आधुनिक स्टेशन भवन के निर्माण कार्य पूरे हो चुके थे।

सोमवार को धर्मप्रेमी रामजन्म राम ने सौंदर्यीकरण कार्य का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म निर्माण के कारण मंदिर और चबूतरे की ऊंचाई काफी कम हो गई थी, जिससे विशेषकर बारिश के मौसम में वहां कीचड़ हो जाती थी और पूजा-अर्चना करने में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं। काली मंदिर वर्षों से क्षेत्र के लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र रहा है, जहां श्रद्धालु अपनी मन्नतें मांगते हैं और उनकी मुरादें पूरी होती हैं।

सौंदर्यीकरण कार्य के शुरू होने पर धर्मप्रेमियों जैसे सीडी राम, हीरा लाल शर्मा, गौरीशंकर सिंह, द्वारिका प्रसाद, नंदू राम, भिखारी राजवंशी, शंकर गुप्ता, जगत लाल, और शिवलाल प्रसाद (पुजारी) सहित कई अन्य लोगों ने खुशी जताई और डीआरएम एवं आरवीएनएल के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# मोहम्मदगंज के जेएसएलपीएस कर्मियों ने की मानदेय वृद्धि की मांग



● बैठक में अधिकारियों को लिया इससे अवगत कराने का निर्णय

● मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विभिन्न रैंक पर कार्यरत जेएसएलपीएस कैडर कर्मियों ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में मानदेय वृद्धि के मुद्दे पर आपात बैठक की। इस बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से मानदेय वृद्धि को लेकर राज्य के उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया। साथ ही, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई।

बैठक में कहा गया कि 2018 से सभी स्तर के कैडर कर्मियों का मानदेय स्थिर है, जबकि वर्तमान महंगाई के दौर में उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है।

बैठक में पूजा देवी को प्रखंड का टीम लीडर नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों में पुष्पा देवी अध्यक्ष, कंचन देवी उपाध्यक्ष, संगीता देवी सचिव, समता देवी उप सचिव, अंजू देवी कोषाध्यक्ष और जेआरपी उदय कुमार उप कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। कर्मियों ने अपनी मांगों में स्थायीकरण, पहचान पत्र, यात्रा और महंगाई भत्ता देने, तथा मानदेय का भुगतान उनके व्यक्तिगत खातों में करने की भी मांग शामिल की।

# सांसद और जीएम से हैदरनगर में वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू और धनबाद संयुक्त रेलमंडल अंतर्गत बीडी सेक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने के बाद विभिन्न संगठनों ने ट्रेन संख्या 21893/21894 के हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग तेज कर दी है।

इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम और रेल महाप्रबंधक हाजीपुर को कई तार्किक मांग पत्र और ट्वीट भेजे गए हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं और भाजपा नेताओं, जैसे रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अजय जयसवाल, सरयू प्रसाद गुप्ता, मुखिया संतोष कुमार सिंह और जयप्रकाश कुशवाहा ने सांसद से आग्रह किया है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्वीकृत हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव आवश्यक है। मांगकताओं ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से हैदरनगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को टाटा और पटना जैसे बड़े शहरों में स्थित अस्पतालों और हवाई अड्डों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। इसके अलावा, हैदरनगर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जहां देवी शक्तिपीठ मां भगवती का मेला वर्ष में दो बार भव्य रूप से आयोजित होता है। इस मेले में विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिनका आवागमन हैदरनगर रेलवे स्टेशन के माध्यम से ही होता है।

हैदरनगर देवी धाम, जो पलामू जिला मुख्यालय से 85 किमी दूर है, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का केंद्र है। यहां शारदीय और चैत नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए आते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

स्थानीय नेताओं ने रेल महाप्रबंधक और सांसद से आग्रह किया है कि वे इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करें।

# झारखंड में बड़े बदलाव का संदेश है भाजपा की परिवर्तन यात्रा : रामाशीष यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**उँटारी रोड।** झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा का शंखनाद कर दिया है। सोमवार को पलामू प्रमंडल में भाजपा द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा में विश्रामपुर के भाजपा नेता रामाशीष यादव अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा की शुरूआत रामाशीष यादव के आवासीय कार्यालय पर हजारों समर्थकों के जमावड़े के साथ हुई। इसके बाद यादव के नेतृत्व में समर्थक जुलूस की शक्ल में आयोजन स्थल पहुंचे, जहां उनका परिवर्तन यात्रा में मिलान हुआ। यह यात्रा रेहला से सुबह दस बजे निकलकर पलामू, बिश्रामपुर, पांडु, उँटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदर नगर होते हुए जपला पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल यात्रियों में बदलाव को लेकर जोश और जुनून स्पष्ट रूप से नजर आ रहा था।

परिवर्तन यात्रा के दौरान रामाशीष यादव ने कहा कि अवैध घुसपैठ, नौकरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा व्यवस्था जैसे सभी क्षेत्रों में यह सरकार विफल साबित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यही हालात रहे, तो झारखंड का बेड़ा गर्क होने में अधिक समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि इस चुनावी माहौल में लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकना आवश्यक है। रामाशीष यादव ने बताया कि झारखंड में परिवर्तन अब समय की जरूरत बन चुका है, और इसे भाजपा पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य स्तर पर इस परिवर्तन के संकल्प को मजबूत करने के लिए अभियान चला रही है। इस अभियान के अंतर्गत राज्यभर में प्रमंडल स्तर पर परिवर्तन यात्रा चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य के लोगों में राजनीतिक जागरूकता लाना और राजनीतिक परिवर्तन को प्रेरित करना है। देश भर से भाजपा के दिग्गज नेता इस यात्रा में भाग ले रहे हैं, जिससे राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने और परिवर्तन के संकल्प को मजबूत किया जा सके।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 24 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-340, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10




सेंसेक्स
84,928.61 +384.30

डॉलर
83.556 +0.075

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 74,580
01 किलो 89,560

## एक नजर

### होमगार्ड फर्जी बहाली में रांची के दो और जवानों पर प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड में फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी करने वालों की सूची में दो नाम और शामिल हो गए हैं। ये हैं अशोक टोप्पो और नौसाद कादरी। दोनों रांची निवासी बताये जा रहे हैं। ये फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे थे। इन दोनों के खिलाफ रांची के धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि होमगार्ड फर्जी बहाली मामले में चल रही जांच में और लोगों के नाम आने की संभावना है।

### रामचंद्र राव 25 को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में लेंगे शपथ

**रांची।** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव 25 सितंबर को झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का स्थानांतरण झारखंड हाई कोर्ट किया गया है। वर्तमान में हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस का पद खाली है, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद अभी एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्य कर रहे हैं। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाई कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को की थी।

### रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आयोग ने की बैठक

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार पूर्वाह्न रांची पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व वाली टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। सुबह पूर्वाह्न लगभग 9 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे आयोग के सदस्यों का झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की अगुवाई में राज्य के वरीय पदाधिकारियों ने स्वागत किया। रांची पहुंचने पर आयोग ने बैठकों के क्रम में सर्वप्रथम झारखंड अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक कर उनसे विस्तार से संवाद किया।

## आज | कल

तीसरी आंख




# श्री बंशीधर मंदिर से यात्राओं की शुरूआत भौगोलिक या राजनैतिक विवशता?

राणा अरुण सिंह

पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के अनुमंडल मुख्यालय गढ़वा नाम से कम झारखंड,यूपी, और छतीसगढ़ के संगम स्थल पर 1280 किलोग्राम शुद्ध सोने से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के कारण प्रसिद्ध मंदिर श्री बंशीधर नगर के नाम से अधिक जाना जाता है ।नगर उंटारी राजपरिवार के संरक्षण में यह मंदिर देश व विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है और राजनीति का भी क्योंकि राजपरिवार भी राजनीति मेन सक्रिय है। भाजपा के नेताओं सहित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की शांति और समृद्धि की कामना से अपने चुनाव पूर्व अभियान की परिवर्तन यात्रा से शुरूआत इस मंदिर में पूजा-अर्चना से की। पलामू सहित झारखंड में इस मंदिर का महत्व तो है ही यह झारखंड की सीमा भी है इसलिए भौगोलिक के साथ धर्म के एंगल से इनकार नहीं किया जा सकता ।झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता और विधायक भी इसी मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपनी 'मंईयां सम्मान यात्रा' की शुरूआत कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को जोड़ना और आस्था के माध्यम से समर्थन जुटाना है। तीन दिनों तक चलने वाली यह यात्रा प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों में जाएगी, जहाँ झामुमो नेता जनता से संवाद करेंगे और अपने विचार साझा करेंगे ।चुनावों के दौरान धर्म और राजनीति का यह मेल नया नहीं है। परंतु, जिस प्रकार से बंशीधर मंदिर को एक प्रमुख चुनावी स्थल के रूप में



उपयोग किया जा रहा है, वह इस बात का संकेत है कि राजनीतिक दल जनता की धार्मिक भावनाओं को भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। 'मंईया सम्मान यात्रा' के माध्यम से जनता से जुड़ने के प्रयास के क्रम में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन, दीपिका पांडे सिंह और बेबी देवी जैसी प्रमुख महिलाओं के प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों में जाकर जनता से संवाद का भी एक अर्थ है ।यात्रा का नाम 'मंईया सम्मान' होना अपने आप में यह दशार्ता है कि यह यात्रा धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों से जुड़ी हुई है, जो जनता की आस्था को ध्यान में रखते हुए चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है। वैसे पलामू को समझने वाले राजनीतिक पंडितों का कहना है कि जनता का ध्यान केवल धार्मिक आस्था के आधार पर नहीं खींचा जा सकता। पलामू प्रमंडल में गरीबी, शिक्षा की कमी, और बुनियादी सुविधाओं का अभाव ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे यहाँ की जनता अभी तक जूझ रही है। सवाल यह है कि क्या पलामू की जनता के विकास के मुद्दों से इतर यह सांकेतिक यात्रा वोट में बदल पाएगा? क्योंकि बहुत दिनों तक माओवादियों सहित राजद के दबदबे वाला पलामू राजनीतिक रूप से भी सक्रिय और जागरूक है जिसे शायद अब विकास का इंतजार है। राजनीतिक दल अपने वादों और घोषणाओं से जनता को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन क्या जनता इस बार उनके वादों पर भरोसा करेगी? बंशीधर में स्थापित राधा-कृष्ण की शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त करने का यह प्रयास सत्ता के खेल का एक हिस्सा है, या फिर वास्तव में क्षेत्र के विकास के प्रति एक सच्ची प्रतिबद्धता? यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# हेमंत सरकार ने भ्रष्टाचार, माफिया राज और लूटतंत्र को बढ़ावा दिया : अनुराग ठाकुर

**अनुराग ठाकुर का आरोप : हेमंत सरकार ने झारखंड को माफियाराज और भ्रष्टाचार के दलदल में धकेला**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा के दौरान आज हुसैनाबाद में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि राज्य में जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने भ्रष्टाचार, माफियाराज और लूटतंत्र को पनपने दिया है। ठाकुर ने कहा, 'झारखंड में लव जेहाद और लैंड जेहाद को बढ़ावा देकर जनसंख्या और जमीन का संतुलन बिगाड़ा जा रहा है। प्रदेश की जनता अब परिवर्तन की मांग कर रही है।' अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा, शेष पृष्ठ 09 पर

## जब तक जिंदा हूं, कोई आरक्षण और संविधान नहीं खत्म कर सकता : चिराग पासवान

**वीर बाबा चौहरमल और स्व. रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अटल स्मृति भवन के बगल में स्थित पार्क में वीर बाबा चौहरमल और स्वर्गीय रामविलास पासवान की नवनिर्मित आदमकद प्रतिमा का अनावरण लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के केंद्रीय अध्यक्ष सह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वे झारखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मेरे पिताजी ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लागू कर 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन का लाभ दिया।' चिराग पासवान ने राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, 'जिस राज्य का मुख्यमंत्री शेष पृष्ठ 09 पर

# मंईयां सम्मान योजना से महिलाओं को मिली आर्थिक सशक्तिकरण की राह : कल्पना सोरेन

**भाजपा के दोहरे चरित्र पर झामुमो का हमला, झारखंड की योजनाओं का विरोध किया जा रहा : दीपिका पांडेय सिंह**



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'मंईयां सम्मान योजना' पर चर्चा करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और विधायक कल्पना सोरेन ने इसे क्रांतिकारी पहल बताया। गोसाईबाग में आयोजित मईया सम्मान यात्रा में उन्होंने कहा, 'यह योजना महिलाओं के जीवन में सम्मान और स्वावलंबन लाने वाली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस योजना से राज्य की बेटियों, बहनों और माताओं के चेहरे पर मुस्कान आई है।' कल्पना सोरेन ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने इस योजना को सफल होने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया। 'अगर भाजपा हेमंत सोरेन को जेल में नहीं डालती, तो अब तक इस योजना के सात किस्त मिल चुके होते। भाजपा लगातार इसे बंद करने की कोशिश कर रही है, लेकिन जनता चुनाव में उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी,' उन्होंने कहा। कार्यक्रम के दौरान कल्पना सोरेन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि झारखंड को उसकी हक की रॉयल्टी से वंचित रखा जा रहा है। 'धरती मेरी, खजाना मेरा, फिर भी झारखंड को रॉयल्टी नहीं मिल रही। यह कहां का न्याय है?' उन्होंने सवाल उठाया।

**दीपिका पांडेय सिंह का भाजपा पर हमला :** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, 'मईयां सम्मान योजना कोई मामूली योजना नहीं है। यह महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। भाजपा इस योजना की सफलता से घबराई हुई है और इसे असंवैधानिक बताकर बंद कराने की कोशिश कर रही है।' उन्होंने कहा कि भाजपा अपने शासित राज्यों में ऐसी योजनाओं को लागू करती है, लेकिन झारखंड में इसका विरोध कर रही है। पांडेय सिंह ने झारखंड की जनता से इंडिया गठबंधन को भारी समर्थन देने की अपील की।

**भाजपा ने धर्म के नाम पर लोगों को बांटा :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाजपा पर धार्मिक विभाजन की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, 'भाजपा ने धर्म के नाम पर लोगों को बांटा और सत्ता पाना चाहा। लेकिन जनता अब जागरूक हो चुकी है।' उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के गढ़वा जिले को विकास के पथ पर अग्रणी बनाया है, जबकि भाजपा ने राज्य की आवाज को दबाने की कोशिश की।

**मंत्री बेबी देवी ने कहा :** 'मईयां सम्मान योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह झारखंड की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला कदम है। इस योजना से महिलाओं को सम्मान और समानता का हक मिलेगा, जो अब तक उनके पास नहीं था।' कार्यक्रम में डीसी शेखर जमुआर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में जीप अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी संबोधन किया।

# आदिवासी मुख्यमंत्री को हटाने के लिए पीएम सहित कई राज्यों के सीएम लगे हैं : हेमंत

**आप मजबूती के साथ खड़े रहिए, आपका यह बेटा सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है**



**खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 में खूंटी की वीरभूमि उलिहातू से हमने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। हम सभी लोग इस कार्यक्रम के चौथे चरण में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने साल 2019 में हमें जो जिम्मेवारी दी है, उसका निर्वहन हम कर रहे हैं। आप सभी ने मुझे राज्य का मुख्य सेवक बनाया। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई चुनौतियां हमारी सरकार ने देखी है। असपके आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बने एक आदिवासी को पद हटाने के लिए प्रधानमंत्री व कई राज्यों के मुख्यमंत्री लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को जिले के तोरपा प्रखंड के एनएचपीसी मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा मैंने पहले भी कहा है और आज भी यह बात कह रहा हूं कि वर्तमान राज्य सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। आज राज्य सरकार के अधिकारी आपके द्वार पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के सभी वर्ग-समुदाय को उनका हक-अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से अपील की कि आप सभी अपना हौसला बुलंद रखिए। आप मजबूती के साथ खड़े रहिए। आपका यह बेटा आपके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आप सिर्फ अपना आशीर्वाद हमें देते रहें, ताकि हम दिन रात जनहित का काम करते रहें। आपका स्नेह और आशीर्वाद हमें कार्य करने की शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा देता है। सरकार ने राज्य की नारी शक्ति को सम्मान के साथ-साथ आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए झारखंड शेष पृष्ठ 09 पर

# झामुमो, कांग्रेस और राजद ने राज्य के विकास में लगाया ग्रहण : जेपी नड्डा



**खूंटी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कह कि झारखंड को कांग्रेस, झामुमो और राजद से मुक्ति दिलानी होगी। ये तीनों राज्य के विकास को ग्रहण लगा रहे हैं। ईंडी अलायंस और कांग्रेस पार्टी महाभ्रष्ट पार्टी है और अलगावादी और राष्ट्र विरोधी तत्वों को पनाह देने वाली पार्टी है। नड्डा सोमवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि झामुमो ने कांग्रेस से भी सबक नहीं सीखा और झामुमो भी परिवारवाद और भ्रष्टाचार में आकंठ समा गया। जेनी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने परिवारवाद और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि वे भगवान बिरसा मुंडा की बात करते हैं, पर उन्हें उनका त्याग, बलिदान और तपस्या याद नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो तुष्टीकरण और परिवारवाद से ग्रसित हैं। कांग्रेस झामुमो ने उन्हें सिखने में कोई कसर नहीं छोड़ा और भ्रष्टाचार में डूब गया। इन्होंने भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री का झारखंड से विशेष लगाव है। उन्होंने हमेशा आदिवासी इलाकों को चुना और वहां से विकास कार्य की शुरूआत की। नड्डा ने कहा कि केद्र सरकार ने झारखंड को पांच मेडिकल कॉलेज और छह वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। साथ ही देवघर में एम्स की स्थापना हुई। रांची को स्मार्ट सिटी करोड़ घोषित किया गया। उसके बाद लगभग 1000 करोड़ की योजना दी गयी। उन्होंने कहा कि 1014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे और इस समय इनकी संख्या बढ़कर 148 हे गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर तरह के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस झामुमो ने जो काठ की हांडी चढ़ायी थी वह फूट गयी।

## इंडिया

# माननियों के घोटाले की जांच इसबार सीबीआई करेगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड के चर्चित झारखंड विधानसभा नियुक्ति प्रोन्नति घोटाले की जांच अब हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई करेगी । इसकी सघन जांच करने वाले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की रिपोर्ट में की गयी अनुशंसा के आलोक में अध्यक्ष सहित किसी अन्य के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने के का निर्णय न्यायमूर्ति एसजे मुखोपध्याय आयोग की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किये गये एक्शन टेकन रिपोर्ट(एटीआर) में किया गया था । रिपोर्ट में सिर्फ नियम विरुद्ध लिये गये गुरुत्तर दायित्व भत्ते की वसूली किए जाने की बात थी साथ ही न्यायमूर्ति विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की रिपोर्ट में आशुलिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर नियुक्ति के दौरान कुछ लोगों को विशेष लाभ दिये जाने के मामले में छह महीने के अंदर ऐसे लोगों की पात्रता परीक्षा आयोजित करने का आश्वासन दिया गया था ।विधानसभा में तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने एटीआर और न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट पेश की थी ।एटीआर में कुल 30 बिंदुओं को शामिल किया गया था । नियुक्ति प्रोन्नति घोटाले के आरोपों की जांच के लिए न्यायमूर्ति विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग की ओर से जांच के लिए 29 बिंदु निर्धारित किये गये थे ।सभी बिंदु विधानसभा में नियुक्ति प्रोन्नति से संबंधित थे। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने विक्रमादित्य प्रसाद आयोग को जांच के लिए 29 बिंदु दिये थे लेकिन विक्रमादित्य आयोग ने 30 बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। 30 वें बिंदु में विधानसभा के पूर्व अध्यक्षों को इस प्रकरण में जिम्मेवार मानते हुए कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी थी ।न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय ने समीक्षा के दौरान पाया कि सरकार ने विक्रमादित्य प्रसाद आयोग को विधानसभा के किसी पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ किसी तरह के आरोपों की जांच के लिए अधिकृत नहीं किया था। ऐसी परिस्थिति में नैसर्गिक न्याय के नियम के आलोक में किसी का पक्ष सुनने बिना किसी के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती थी । विधानसभा में हुई नियुक्ति के दौरान सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन नहीं होने की बात को स्वीकार किया गया लेकिन इस मामले में भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने का फैसला किया गया था इसके लिए न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय की एक सदस्यीय आयोग द्वारा दिये गये सुझाव को आधार बनाया गया था ।इस मामले में यह कहा गया है कि जब आरक्षण का कोटा भर जाता है, तो बाकी बचे हुए पद पर सीधी




नियुक्ति की जाती है। सभी नियुक्तियां मेरिट के आधार पर की गयी हैं और वैध हैं। घोटाले की जांच कर रहे रिटायर्ड जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग ने राज्यपाल को रिपोर्ट सौंप दी थी । आयोग ने कुल 26 बिंदुओं पर लगभग 7000 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया था कि झारखंड विधानसभा में पद नहीं थे, फिर भी नियुक्तियां कर ली गईं। रोस्टर का पालन नहीं किया गया। नियुक्ति में पिक एंड चूज का इस्तेमाल हुआ। विधानसभा कर्मचारियों के रिश्तेदारों की खूब नियुक्तियां हुईं। तत्कालीन विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के भाई की भी नियुक्ति हुई। रिपोर्ट में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इंदरसिंह नामधारी और आलमगीर आलम के खिलाफ गंभीर टिप्पणी की गई थी । कहा गया है कि नियुक्तियों में इन दोनों स्पीकर की भूमिका पूरी तरह संदेहास्पद रही है। आयोग ने इन दोनों के खिलाफ भादवि की धारा 420, 120बी और 166 के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की अनुशंसा की थी । साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता को भी प्रोन्नति देने में हुई गड़बड़ी के लिए दोषी माना है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा में गलत आधार पर गलत नियुक्तियां हुई हैं ।जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग ने कहा है कि राज्यपाल से स्वीकृत झारखंड विधानसभा की नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में भी छेड़छाड़ की गई। नियमावली में कुछ शब्दों को जोड़ कर दर्जनों कर्मचारियों को प्रोन्नति दे दी गई। आयोग ने नियमावली में छेड़छाड़ को काफी गंभीर मामला बताते हुए राज्यपाल से इसके लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की थी ।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सबसे अधिक चतुर्थवर्गीय कर्मियों की नियुक्ति में हुई गड़बड़ी पर टिप्पणी की थी । आयोग ने कहा है कि इस संवर्ग की नियुक्ति में नियमों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया। आंसरशीट ब्लैंक रहने पर भी नियुक्ति कर ली गई। ड्राइवर की नियुक्ति में सबसे अधिक गड़बड़ी हुई, जिसमें बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के भी ड्राइवर के पद पर नियुक्ति की गई।18 लोगों के रिश्तेदारों की भी नियुक्ति : आयोग ने कहा है कि 18 ऐसे लोग हैं, जिनकी नियुक्ति तो हुई ही, उनके रिश्तेदारों को भी नियुक्त कर लिया गया। रिपोर्ट में उन 18 कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों की सूची भी दी गई है। कोई सहायक के पद पर नियुक्त हुआ तो उनके रिश्तेदारों की अन्य पदों पर नियुक्ति हुई।रिपोर्ट में कहा गया है कि पलामू के 12 लोगों को डाक से जो नियुक्ति पत्र भेजे गए वे दूसरे दिन ही उन्हें मिल गए। दिलचस्प रहा कि इन सभी 12 लोगों ने नियुक्ति पत्र मिलने के दिन ही अपना योगदान भी दे दिया।रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकतर नियुक्तियां बिहार के लोगों की आरक्षण के आधार पर हुई थीं। उनमें बेगूसराय, मुंगेर, बाढ़ आदि जिले का जिक्र किया गया है।

### जदयू एमएलसी दिनेश और लोजपा आर सांसद वीना देवी के पुत्र की सड़क दुघर्टना में मौत

**पटना/मुजफ्फरपुर।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधान परिषद सदस्य दिनेश सिंह और वैशाली से लोजपा (आर) की सांसद वीना सिंह के पुत्र छोटू सिंह की सड़क दुर्घटना में सोमवार देर शाम मौत हो गयी है। घटना जैतपुर ओपी के पोखरैरा गांव की है जहां अज्ञात वाहन ने छोटू सिंह को रौंद दिया। जिससे राहुल राज उर्फ छोटू सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक बुलेट बाइक से छोटू सिंह कही जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने कुचल डाला। घटनास्थल पर बाइक और छोटू सिंह का क्षत-विक्षत शव पाया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जैतपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। घटना की पुष्टि सरैया के डीएसपी कुमार चंदन ने की है।

# किक बॉक्सिंग में गढ़वा के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## 12 पदक पर किया कब्जा, खेल प्रेमियों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला के खिलाड़ियो ने 21-22 सितंबर तक धनबाद में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 12 पदक पर कब्जा जमा लिया। उनमें 6 रजत व 6 कांस्य पदक शमिल हैं। खिलाड़ियों की सफलता पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसई ,वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष अमित कुमार , अरविंद दुबे ,प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह ,सहसचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम ,अजीत कुमार, गढ़वा ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, रेखा चौबे ,राकेश पाल, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद धीरज दुबे, उमेश सहाय ,विजय केसरी राघवेंद्र नारायण सिंह ,जितेंद्र सिन्हा ,ओमप्रकाश तिवारी, रामप्रवेश तिवारी ,नितिन तिवारी,अरविंद कुमार, प्रीतम गोंड,मनीष केसरी, उत्तम केसरी, किशोर कुणाल, चंद्रबहादु सिंह, शिवकुमार ,अजयकांत, सुशील तिवारी, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र यादव, राजन केसरी, संतोष कुमार आदि ने बधाई दी है। यह जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी।

**पदक विजेताओं के नाम**

पदक विजेताओं में प्रकृति आनंद देव 20 किलोग्राम रजत पदक,अदिति कुमारी 25 किलोग्राम रजत पदक, पुण्य प्रसून 25 किलोग्राम रजत पदक, सुप्रिया कुमारी 35 किलोग्राम रजत पदक, फिजा सिद्दकी 38 किलोग्राम रजत पदक, अमर कुमार 70 किलोग्राम रजत पदक, समीर कुमार चौबे 80 किलोग्राम रजत पदक, ईश्वर विश्वकर्मा 65 किलोग्राम कांस्य पदक, काजल तूफान 40 किलोग्राम कांस्य पदक, झूलन कुमारी 45 किलोग्राम कांस्य पदक, सविता कुमारी 45 किलोग्राम कांस्य पदक,रूपा कुमारी 42 किलोग्राम कांस्य पदक के नाम शामिल हैं।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य मार्ग पर भगवान घाटी के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह निवासी मनीष कुमार यादव गंभीर रूप से घायल गये। घायला अवस्था में परिजनों ने उसे इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर चिकित्सक शैलेन्द्र कुमार की देखरेख में इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि मनीष भवनाथपुर से खाद लेने बाईक से गया था। लौटने के क्रम में बाईक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह जख्मी हो गया।

### दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने ध्रुव नारायण दुबे

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर यशवंत चौबे की अध्यक्षता में बैठक हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष ध्रुव नारायण दुबे, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, सचिव बुचून सिंह, सह सचिव विकास सिंह, कोषाध्यक्ष बटेश्वर दुबे, सह कोषाध्यक्ष विभूति नारायण सिंह, संरक्षक राधे श्याम चर्तुवेदी, दिलीप चौबे, अजय सोनी, दिवाकर चौधरी, अशोक पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर यादव, प्रथम चौबे, अमन सोनी, इस इशांत सिंह, आयुष रंजन सिन्हा को बनाया गया।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**चिनिया।** थाना चौक पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के तहत वाहन जांच चिनिया पुलिस द्वारा की गई। इस दौरान पुलिस हेलमेट, डिक्की, वाहन के कागजात जांच की जांच की। जांच को दौरान वाहन चालक इधर-उधर गाड़ी से भागते दिखे। चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा सहित पुलिस बल शामिल थे।

## केएन त्रिपाठी ने डूब क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुंचाई राहत सामाग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक केएन त्रिपाठी के निर्देश पर उनकी टीम ने मंडल डैम के डूब क्षेत्र के कुछ गांवों तक पहुंचकर वहां के समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कूटकू, चपिया, चेमो, सनेया, भजना, एडोमारो सहित अन्य गांव के लोगों के बीच जरूरत के हिसाब से लोगों को तिरपाल, कंबल, वस्त्र व खाने-पीने का दैनिक उपयोग का सामान का वितरण किया गया। पूर्व विधायक की टीम में शामिल उनके भाई गोपाल त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों भारी बारिश के चलते मंडल डैम में पानी का जमाव होने के कारण कई गांव पानी में डूब गये। दो लोगों का पानी में डूब जाने से मौत भी हो गई थी। बताया कि वहां पर किसी तरह का जाने का साधन नहीं था। इस बीच इसकी जानकारी पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को लोगों ने दी। केएन त्रिपाठी ने एक टीम बनाकर उनके नेतृत्व में शनिवार को गांव में पहुंचने की प्रयास किया, लेकिन नदी में अधिक पानी के कारण वह डूब क्षेत्र के गांव में नहीं पहुंच सके। उन्होंने बताया कि मदगड़ी (च) में ही उन्हें रात के कार्यक्रम में शामिल होकर लौटने के बाद फिर रविवार की सुबह ग्रामीणों की मदद से नदी पार कर डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री वितरण किया।

## पूजा- अर्चना कर राज्य के खुशहाली व हेमंत के नेतृत्व में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा का श्रीगणेश सोमवार को श्री बंशीधर नगर से किया गया। यात्रा का शुभारंभ करने श्री बंशीधर नगर पहुंचे सूबे के महिला बालविकास मंत्री बेबी देवी, पीएचईडी मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय एवं गांडेय विधायक व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सबसे पहले श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य में अमन चैन खुशहाली के साथ झारखंड में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए श्री बंशीधर से कामना की। मंदिर में आचार्य सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच मंत्री द्वय ने श्री बंशीधर जी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्रीराधावंशीधर जी युगल सरकार की आरती उतारी। पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव एवं ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे ने मंत्रीद्वय एवं विधायक कल्पना सोरेन को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सोगरा बेगम, रेखा चौबे, किरण देवी, मंदिर के पदाधिकारी सुरेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## 15 दिनों में चार बच्चों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव में रविवार को नहर में फूल तोड़ने के दौरान में 8 साल के राकेश बियार की डूबने से मौत के बाद गांव में दूसरे दिन पूरी तरीके से सन्नाटा पसरा रहा। बता दें कि गांव में 15 दिन के अंदर चार बच्चों की मौत हुई है। 15 दिन पूर्व गांव में चार बच्चों को सांप ने काट लिया था, जिसमें तीन बच्चे की मौत हो गई थी। सोमवार को पंचायत के मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुनी ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद की बात कही। उन्होंने बताया कि परिवार में अबुआ अवास की सूची में नाम है, जल्द में ही भुक्त भोगी परिवार को आवास मुहैया कराया जाएगा। चिनिया अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव से सरकारी प्रावधान के हिसाब से परिवार के सदस्यों को लाभ दिलाने की मांग की है। अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### 3.66 करोड़ की लागत से पंडा नदी पर पुल का शिलान्यास

## पिता, पुत्र सात बार विधायक बने फिर भी नहीं हुआ क्षेत्र का विकास: भानू

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** पूर्व विधायक सह स्थानीय विधायक भानू प्रताप शाही ने सोमवार को बलिगढ़ पंचायत के मोटंगवा टोला के पंडा नदी पर 3.66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास भूमि पूजन और नारियल फोड़कर कर किया। साथ ही परती-कुशवानी गांव में 33 लाख की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उद्घाटन भी किया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक भानू प्रताप शाही का गाजे-बाजे के साथ गांव में फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर भानू प्रताप शाही ने कहा कि मोंटगवा-बनखेता गांव के लोग वर्षों से पंडा नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग कर रहे थे। उनका सपना आज पूरा हो गया। अब इस पुल का निर्माण कार्य पूरा होने पर केतार और बलिगढ़ पंचायत आपस में जुड़ जायेगा। गांव के लोगों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। सरकार के अधिकारी गरीबों का काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा की वन पट्टा दिलवाने के नाम पर झामुमो के लोग आदिवासी और दलितों से दस-दस हजार रुपए वसूली कर रहें है। उन्होंने कहा कि गरीबों का पैसा वापस कर दो नहीं तो भाजपा की सरकार में आने पर दलालों को सलाखों में डाला जायेगा। सरकार पांच वर्षों में कोई भी काम नहीं किया, लेकिन जब चुनाव का समय आया तो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू किया है। मंईयां योजना का पैसा कुछ ही महिलाओं को मिल रहा है। यह योजना दिसंबर में बंद हो जायेगी। उन्होंने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिता-पुत्र सात बार भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व किया, लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं हो सका। आज जब वह विकास का काम कर रहे हैं तब विरोधियों को दर्द हो रहा है। उनके किये हुए काम को अपना बताते चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट के समय ही इनको आदिवासी और दलितों की याद आती है। ऐसे लोगों को जनता इस बार मुंहतोड़ जवाब देंगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, राजू सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र सोनी, सिताराम जयसवाल, अरविंद सिंह,राम प्रसाद कमलापुरी, उमेश सिंह, मनोज फौजी, अशोक ठाकुर, अरविंद वर्मा, संतोष पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा जात-पात के नाम पर झारखंड को तोड़ना चाहती है: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने मंइयां समान योजना लागू कर बेटी बहनों को सम्मान दिया है। विपक्षी पार्टी के लोगों ने कोर्ट में याचिका दायर कर मंईयां सम्मान योजना रोकना चाहते हैं। इस योजनाओं का लाभ 43 लाख महिलाओं को सरकार ने दिया है। वह सोमवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान यात्रा के तहत मेराल हाई स्कूल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। विधायक कल्पना सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता पर्यटन कला संस्कृति मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला बाल विकास, समाजिक सुरक्षा विभाग मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग जात पात के नाम पर झारखंड को तोड़ना चाहती है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सरकार प्रत्येक घर में सभी महिलाओं को साल में बारह हजार रुपए देने का काम कर रही है। इससे विपक्षी पार्टी को पेट में दर्द होने लगा है। सरकार ने बिजली बिल माफ करने का काम किया है। मंत्री बेबी देवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ जागो महतो ने किया। कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंत्री व विधायक को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार, नीतेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक प्रत्याशी सोगरा बीवी, ताहिर अंसारी, इन्सपेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कल्पना सोरेन को माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### अवैध बालू परिवहन कर रहे ट्रैक्टर जब्त

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बीरबल सूर्य मंदिर के पास नदी से सोमवार की सुबह पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिदिन एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर गुजरता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर खनन विभाग के हवाले कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू संचालकों में हड़कंप मच गया है। धुरकी थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बीरबल निवासी विमलेश गुप्ता पिता दीनानाथ साव द्वारा काफी दिनों से अवैध बालू का परिवहन कर ऊंचे दामों पर विढ़मगंज, मकरी, बीरबल के क्षेत्र में बिक्री किया जाता है। इसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित कर सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना से सशस्त्र बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ प्रस्थान किया।

### अतिक्रमण

### बादाम और तील का फसल उपजाया जा रहा है

# खेलकूद के लिए दान दी गई जमीन पर ग्रामीणों का कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** थाना क्षेत्र से सटे मेराल थाना के गेरुआ गांव में संचालित अंतोदय आदिवासी स्त्रोनत उच्च विद्यालय का खेल मैदान को अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि विद्यालय के तत्कालीन सचिव स्वर्गीय रामदेव सिंह द्वारा अपने हिस्से की खाता 35 प्लॉट 264 का रकबा लगभग 3 एकड़ भूमि अध्यनरत बच्चों को खेलकूद करने के लिए 40 से 50 वर्ष पूर्व राज्यपाल के नाम से निर्बंधित किया गया था। बावजूद उक्त भूमि के कुछ भाग को इन दिनों गांव के ही ग्रामीणों द्वारा उसे अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण किए भूमि के कुछ भाग में उनके द्वारा धान की रोपनी की गई है, तो कुछ भाग में बादाम और तील का फसल उपजाया गया है। उसके बाद से उक्त भूमि पर विद्यालय का कब्जा हो गया था। विद्यालय के बच्चे के साथ गांव घर के बच्चे या दूसरे गांव के भी बच्चे खेलकूद करने को लेकर खेल मैदान में आया करते थे। उसके अगल-बगल के रैयतों के द्वारा उक्त भूमि के कुछ भाग को धीरे-धीरे अतिक्रमण करना शुरू कर दिया गया। इस बीच उनके द्वारा भूमि को इतना अतिक्रमण कर लिया गया कि उसका रखवा लगभग 60 डिसमिल भूमि के आसपास हो गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हुए भूमि पर उनके द्वारा वर्षों से तील, बादाम और धान की रोकनी किया जा रहा है। कहा कि सभी ग्रामीण इसका विरोध भी किए लेकिन उक्त लोगों पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही मैनुद्दीन अंसारी, रोशन अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, नानू अंसारी रफीक अंसारी द्वारा खेल मैदान की भूमि को अतिक्रमण करने का काम किया गया है।

**ग्रामीणों ने लगाया जमीन कब्जा करने का आरोप**

उक्त भूमि विद्यालय से सीधे उत्तर दिशा में लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। स्थानीय ग्रामीण ननकू चौधरी, मंटू चौधरी, झरी चौधरी ,जय राम चौधरी, सुग्रीव चौधरी ,रामधारी चौधरी, धनुषधारी चौधरी का कहना है कि यह भूमि आदिवासी समाज के लोगों का था। बहुत पहले ही विद्यालय के सचिव रहे जो आज हम सभी के बीच नहीं हैं स्वर्गीय रामदेव सिंह द्वारा अपना लगभग तीन एकड़ भूमि को विद्यालय के बच्चों को खेलकूद करने के उद्देश्य से राज्यपाल के नाम निबंधित कर दिया गया था।

## न्यूज बॉक्स

### तुलसीदामर डोलोमाइट खदान श्रमिकों ने मांगों के समर्थन में धरना दिया

**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सेल द्वारा संचालित तुलसीदामर डोलोमाइट खदान के श्रमिक और कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन किया। मौके पर इंटक के जिला अध्यक्ष सुशील चौबे ने कहा कि गढ़वा अंतर्गत भवनाथपुर खदान समूह के तुलसीदामर डोलोमाइट खदान में विभन्न प्रकार के कार्य श्रमिकों से लिया जाता रहा है। उक्तखदान में कार्यरत श्रमिक और कर्मी में लगभग 730 फॉर्म बी के निबंधित है। शेष गैर निबंधित श्रमिक कर्मी के रूप में लगभग विगत 30-35 वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं। लेकिन बीते 16 फरवरी 2020 से तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद होने से खदान में कार्यरत लगभग 5000 से अधिक श्रमिक और कर्मियों में डोलोमाइट तोड़ने वाले मजदूर, डंपर लोडर मजदूर, डंपर ऑपरेटर, कंप्रेसर ऑपरेटर, ड्रिलिंग ऑपरेटर, हाईवा ऑपरेटर, खलासी व सुपरवाइजर, मुंशी के समक्ष भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस यूनियन के नेताओं ने गढ़वा उपायुक्त के नाम अपनी आठ सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। मौके पर मजदूर नेता पांडेय प्रदीप कुमार शर्मा, नंदलाल पाठक, वीरेंद्र साह, पुनीत सिंह, शंभू पासवान, रामलखन पासवान, बबन पासवान आदि उपस्थित थे।

### बिना कसूर हेमंत को पांच माह जेल में रखा गया: कल्पना सोरेन

**रमना।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय और थाना मोड़ से भगत सिंह चौक तक रोड शो कर विधान सभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पुनः महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए लोगों से समर्थन की अपील की। उन्होंने बाजार में नुक्कड़ सभा में कहा कि जो व्यक्ति बिजली का बिल जीरो कर सकता है, वह भाजपा के विधायको का नंबर भी जीरो कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बिना कसूर पांच महीने तक जेल में डालकर रखा गया। जिसका बदला लेने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग पीआईएल के माध्यम से मंईयां सम्मान योजना को बाधित करना चाहते है, जिसका जबाव सभी माताओं व बहनों को मिलकर देना है। उन्होंने कहा कि बाबा वंशीधर का आशीर्वाद लेकर इस यात्रा की शुरूआत की गई है। यात्रा के दौरान लोगों का जो प्यार और स्नेह मिला है उसे शब्दो में बयां नही किया जा सकता है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि यह महिला सम्मान यात्रा राज्य के इतिहास में नया आयाम लिखने का काम करेगा। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि वे महिलाओं के दुःख दर्द को जानती है। इसीलिए मंईयां सम्मान योजना लेकर आई है। सभा को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व कल्पना सोरेन ने सभी मंत्रियों के साथ श्री सीताराम मानस मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की।

### आवास मेला का आयोजन गुरुवार को

**गढ़वा।** बहुउद्देशीय संस्कृतिक भवन टॉउन हॉल में आवास मेला का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर परिषद के नगर स्तरीय विशेषज्ञ अजीत कुमार सिंह ने कहा कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार के निदेर्शानुसार आवास मेला का आयोजन पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी बैंकर्स व लाभुकों को इसकी सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना शहरी के तृतीय घटक किफायती आवास परियोजनाओं के लाभुकों को गृह ऋण स्वीकृति हेतु आवास मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा पिछले 13 सितंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक किफायती आवास परियोजना अंतर्गत निर्माणधीन आवास की समीक्षा के उपरांत लोन के इच्छुक लाभार्थियों को यथाशीघ्र ऋण स्वीकृति हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। 13 सितंबर को महाप्रबंधक राज्य स्तरीय बैंकर समिति झारखंड रांची एवं सभी निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बैठक में सभी को यह निर्देश दिया गया कि लाभुकों को जल्द से जल्द ऋण मुहैया कराई जाए। ताकि योजना को ससमय पूर्ण किया जा सके। इसी को लेकर गुरुवार को आवास मेला का आयोजन किया जाएगा।

### स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छता का महत्व विषय पर चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला में नगर परिषद विश्रामपुर द्वारा सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत छठी कक्षा से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता ही सेवा है और स्वच्छता का महत्व विषय पर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने चित्रकला में स्वच्छता का महत्व को अपने चित्र द्वारा चित्रण किया। बच्चों के चित्रकला को देखकर नगर परिषद विश्रामपुर के पदाधिकारी और विद्यालय के निदेशक व शिक्षक काफी प्रभावित हुए। मौके पर विद्यालय के निदेशक अमित सिंह ने बच्चों को स्वच्छता से संबंधित बहुत सारी जानकारी दी और बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर परिषद विश्रामपुर की ओर से बच्चों को चित्रकला से संबंधित सामग्री, पेन व बिस्कूट आदि का वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनीष पांडेय, नगर परिषद विश्रामपुर के कार्यपालक पदाधिकारी सोम खंडैत, सिटी मैनेजर सुभाष हेंब्रम, सुमित कुमार, दीपक कुमार, सुबोध कुमार आदि पदाधिकारी और विद्यालय के शिक्षक शैलेश चौबे, प्रवीण प्रसाद, विमलेश यादव, विकास पांडेय, अवनीश चौबे, रीचा मिश्रा, परमिता गुप्ता, शिवानी कश्यप, ज्योति सिंह, वैशाली सिन्हा, निशिका सिंह, मनीषा वर्मा, संजीदा खातून, प्रियंका शुक्ला आदि मौजूद थे।

### झामुमो कांग्रेस राजद ने मिलकर अल्पसंख्यक से वोट लेकर धोखा दिया: बाबूलाल मरांडी

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन रथ यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में पचपड़वा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व परिवर्तन रथ का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास जैसे मुलमंत्र के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ झारखंड का उत्थान चाहने वाले हर जाति धर्म के लोग खड़े हैं। सबका यही मानना है कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो झारखंड का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि झामुमो कांग्रेस राजद ने मिलकर अल्पसंख्यक समुदाय से वोट लेकर धोखा देने का काम किया है। झारखंड में महा लूटबंधन की सरकार अब दोबारा झारखंड में कभी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार आएगी तो गढ़वा सहित पूरे झारखंड में अमन चैन शांति का माहौल होगा। झारखंड का चौमुखी विकास होगा। भ्रष्ट लूटेरा झामुमो सरकार ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। झामुमो का हर वादा फेल साबित हुआ है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा जब सत्ता में आएगी तभी गढ़वा का विकास होगा। वर्तमान की झामुमो सरकार में अल्पसंख्यक समुदाय को सिर्फ प्रताड़ित किया गया है। लेकिन अब समय आ चुका है आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय भ्रष्ट लूटेरा झामुमो सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। मौके पर अनसाद, नवाजीस खान, याज खान, दानिश खान, अजमल हुसैन, जिबरील खान, अहमद हुसैन, अहमद रसुल, खुर्शीद अंसारी, महफुज अंसारी, आरिफ हुसैन, समीर खान, मनौवर खान, जबुर्लाह खा, सहारे हुसैन, तसावर अंसारी, अब्दुल अंसारी, शमीम अंसारी, अफरोज अंसारी, अब्दुल मजीद अंसारी, सुजायत अंसारी, अशोक विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान का कुडू में जोरदार स्वागत

# चिराग पासवान जैसे युवा और जुझारू नेता देश और समाज की रीढ़ हैं : किशोर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**
लातेहार के डिस्ट्रक्ट स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित जन हुंकार रैली एवं लेस्लीगंज में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लोजपा सुप्रीमो हाजीपुर सांसद सह केंद्रीय खाद्य उपभोक्ता मंत्री चिराग पासवान का किशोर सिंह, राजदीप सिंह एवं अमित सिंह की अगुवाई में कुडू बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष बेलाल खान भी थे। सड़क मार्ग से करीब 11- 40 बजे कूडू पहुंचे चिराग पासवान के इंतजार दर्जनों की संख्या में उनके समर्थक और आजसु कार्यकर्ता फूल माला लिए खड़े थे। जैसे ही सड़क पर पुलिस सायरन की आवाज सुनाई दी, उनके समर्थक स्वागत के लिए तैयार हो गए। चिराग पासवान का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने भी स्वागत करने वालो का आभार स्वीकार किया और सभी को धन्यवाद दिया। हालांकि निर्धारित कार्यक्रम जाने में हो रहे विलंब के कारण ज्यादा देर नहीं रुके। मौके पर किशोर सिंह ने कहा कि चिराग पासवान जैसे युवा और जुझारू नेता देश और समाज की रीढ़ हैं देश को नए शिखर पर ले जा सकते हैं। चिराग पासवान गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हैं। देश को बेहतर बनाने का जज्बा दिखाई दे रहा है। स्वागत करने वालों में आजसू विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, गुड्डू लाल, कलीम खान, सलीम पांडु, जावेद खान सहित कई लोग उपस्थित थे।





### अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया साफ-सफाई

# हमें अपने घरों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए : सुशील दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को चैनपुर अल्बर्ट एक्का चौक के पास स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने भी शामिल होकर साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। सुशील दीपक मिंज ने कहा की मैं अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सराहना करता हूँ जिन्होंने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह अभियान समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करेगा। हमें अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने आगे कहा की स्वच्छता हमारे समाज की आधारशिला है। हमें अपने घरों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। यह अभियान न केवल हमारे आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में मदद करेगा, बल्कि हमारे समाज को भी स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में योगदान करेगा। इस दौरान कॉलेज के शिक्षक और स्थानीय निवासी भी मौजूद थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। यह अभियान चैनपुर के लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा।



# झारखंड में घुसपैठियों का कोई जगह नहीं : सचिन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।**
भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 257 बूथ मैं नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के द्वारा बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से 257 बूथ अध्यक्ष बलदेव साहू को बनाया गया। सचिव अजय साहू, बी. एल. ए. 2 प्रभु साहू, युवा प्रमुख कुश साहू, महिला प्रमुख प्रियंका साहू, मान की बात प्रमुख नेहा देवी, पालक रामदेव साहू, लाभार्थी प्रमुख सुषमा देवी, प्रभावशाली वोटर प्रमुख विश्वनाथ साहू, को बनाया गया। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 27 सितंबर को 1:00 बजे समरहाणालय मैदान में हो रहा है आप सभी इस कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में बनने वाली सरकार झारखंड का विकास की स्तंभ माना जाएगा। आज जिस तरह से हेमंत सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार,अवैध घुस पैठिया, का हब बन चुका है।जनता समझ चुकी है।आगामी चुनाव में हेमंत सरकार को दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आएगा। और आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में स्थापित होगी। मौके पर संकल्प पत्र अभियान संयोजक सत्यम कुमार,रोशन कुमार, अनुभव कसकर, मनीष गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, मनोज कुमार, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## न्यूज | बॉक्स

### हैहयवंशीय क्षत्रिय कांस्यकार समाज ने दी बधाई

**लोहरदगा।** हिंदूवादी संगठन जय श्री राम समिति जिला लोहरदगा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील अग्रवाल , महामंत्री प्रदीप साहू तथा कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा को हैहयवंशीय क्षत्रिय कांस्यकार समाज ने बहुत व शुभकामनाएं दी है। समाज के अध्यक्ष अक्षय कांस्यकार ने बधाई देते हुए कहा की इस प्रकार से संगठन का चुनाव होना बहुत ही सराहनीय पहल है। इनके कुशल नृतत्व में समाज को एक नई दिशा मिलेगी। वही बधाई देने वाले में समाज के संरक्षक , ओमप्रकाश कांस्यकार , महेश कांस्यकार , डॉ प्रकाश कांस्यकार , प्रदीप कांस्यकार , भीम कांस्यकार , महामंत्री अखिलेश कांस्यकार , कोषाध्यक्ष गौरव हैहयवंशी , सुभाष कांस्यकार , सूरज कांस्यकार , हर्ष कांस्यकार , नितिन राज , कमलेश कांस्यकार , निखिल राज इत्यादि लोग शामिल है।



### खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर से नीचे गिरा युवक, हाथ कटा

**भंडरा।** भंडरा थाने क्षेत्र के अकाशी गांव में सोमवार को खेत में जुताई करते समय ट्रैक्टर से नीचे आकर गिरने से 24 वर्षीय युवक रामजी उरांव का हाथ काट गया। साथ ही बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल रामजी को तत्काल भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना सोमवार की है। बताया जाता है की अकाशी गांव निवासी स्व होशे उरांव का 24 वर्षीय पुत्र रामजी उरांव अपने ट्रेक्टर लेकर अकाशी बेजा तालाब के पास अपने खेत की जूताई करने गया था। जूताई के दौरान रामजी को चक्कर आ गया और वह चलती ट्रैक्टर से निचे गिर गया। इस दौरान रामजी उरांव की हाथ रोटा-वेटर हल की चपेट मे आकर बुरी तरह जख़्मी हो गया। पास मे खड़े युवक ने चीख पुकार सुनी वह ग्रामीणों को सुचना दिया। जिसके बाद ग्रामीण इकट्ठा हो गये। बाद में सबने मिलकर ट्रैक्टर को रोका और घायल को निकाल तुरंत 108 वाहन से अस्पताल लेकर आए। लेकिन डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया।



### हिंडाल्को कंपनी से शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की मांग को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**किस्को/लोहरदगा।** पाखर पंचायत के तिसिया बाजार में पाखर पंचायत के मुखिया फुलमनी देवी व पाखर विकास समिति के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से बिकेबीबालाजी पाखर माइंस में पाखर पंचायत के लोगों को पाखर बॉक्साइट माइन्स में रोजगार दिलाने से संबंधित चर्चा की गई। पाखर बॉक्साइट माइन्स में सैकड़ो लोग बाहर से आकर काम कर रहे हैं। और पाखर पंचायत के एवं माइंस के प्रभावित गांवों के लोग बेरोजगार हैं। पाखर बॉक्साइट माइंस से बाहरी लोगों को हटाकर स्थानीय लोगों को बहाल कराने,माइंस में कम से कम 300 नये मजदूर को बहाल करने,माइंस में काम कर रहे मजदूरों को प्रतिदिन 1100 रुपया वेतन देने,ड्राइवर हेल्पर मुंशी फोरमैन आदि पदों पर स्थानीय लोगों को बहाल करने,बॉक्साइट का ट्रांसपोर्टिंग एवं रेजिंग पंचायत के लोगों को दिलाने,ट्रक मालिको को अविलंब ट्रांसपोर्ट नंम्बर देने,पाखर पंचायत में इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने,यातायात के लिए दो बस की माँग की गई। वही डिएमएफटी फण्ड पाखर पंचायत में देने,स्वास्थ्य केंद्र सीएसआर से पंचायत में विकास योजना का कार्य कराया जाए खोलने,व अन्य कई माँग ग्राम सभा के माध्यम से रखी गई.मौके पर मुखिया ने कहा कि लोगो को उनका अधिकार दिलाना उनका मुख्य उद्देश्य है।



### मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से जरेडा द्वारा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में लगाया जाएगा 25 हाईमास्ट एवं 500 सोलर लाइट

लोहरदगा। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के आदेश पर जरेडा द्वारा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 25 हाई मास्क लाइट एवं 500 सोलर लाइट लगाया जा रहा है जिसकी सूची तैयार कर ली गई है । जल्द ही लोहरदगा क्षेत्र मंत्री डॉ रामेश्वर उराव के अथक प्रयास से अंधेरे से निजात पाएगा एवं क्षेत्र प्रकाशमान होगा। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बताया कि इससे पहले लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में सांस्कृतिक स्थल अखाड़ा पर सैकड़ो सोलर लाइट लगाए गए हैं इसके साथ-साथ अब विभिन्न जरूरतमंद क्षेत्रो में सोलर लाइट लगाया जाएगा। इससे बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान से काफी हद तक बचाए रखने में मदद करता है।

### बैंक ऑफ इंडिया का चक्कर लगाने के बाद भी नहीं हो रहा काम

# सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को हो रही है काफी परेशानी






**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर डूमरी और जारी प्रखंड क्षेत्र में बैंक ऑफ इंडिया के कार्य प्रणाली से सुदूरवर्ती प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान है। वहीं बैंक में सुबह से लेकर शाम तक भीड़ रहती है। लेकिन सही तरीके से काम नहीं हो पाता है। जिसके कारण बिना काम कराए ग्रामीण बैरन घर लौट जाते हैं। लगातार बैंक आने के बाद भी काम नहीं हो पता है। जिसके कारण लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। बैंक में हमेशा लिंक फेल, केवाईसी से ग्रामीण परेशान नजर आते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की वृद्ध महिलाएं व बूढ़े लाठी के सहारे लाइन में लगे रहते हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वाही चैनपुर प्रखंड में एक बैंक की जरूरत है जो दुकानदारों तथा पेंशन धारियों को इस परेशनी से बचा जा सके। जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी। वही बताते चलेगी यह क्षेत्र आदमी जनजाति क्षेत्र में आता है। जो की दूर दराज से पठारी क्षेत्र से वृद्ध पेंशन आते हैं। बैंक से पैसा निकल ने की आशा लेकर आते है जो की बिना काम वरन लौट जाते है।पूर्व में भी मामले को लेकर लोगों ने विरोध किया था लेकिन बैंक की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### रोहित के प्रयास से किया जा रहा मरीज का रिम्स में बेहतर ईलाज

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के अकासी निवासी रामजी उरांव पिता स्वर्गीय होसे उरांव उम्र 24 वर्ष ट्रैक्टर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे मरीज का हाथ में गंभीर छोट आई ।जिसके ईलाज के लिए परिजनों के द्वारा रांची रिम्स में भर्ती किया गया साथ ही हिसरी निवासी इम्तियाज अंसारी की पत्नी अजीदून खातून उम्र 39 वर्ष काफी बीमार थे जिसके ईलाज के लिए रांची रिम्स में भर्ती किया गया। जिसके बाद परिजनों ने विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क कर बेहतर इलाज की मांग किए। रोहित उरांव ने तत्काल मरीज के परिजनों को आर्थिक सहायता किए। इसके साथ ही मरीजों के बेहतर ईलाज लिए रिम्स अस्पताल के डॉक्टर एवं अपने हॉस्पिटल सहायक मो खान को भेज बेहतर इलाज के लिए कार्य किए।

# तोड़ार पंचायत में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सफाई अभियान चलाया जाना है। इसके अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के बरही चौक में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनसा रानी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से आदित्य कुमार साहू ,तोड़ार पंचायत मुखिया शोभा देवी सहित अन्य सदस्य के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के बाद सभी ने मिलकर शपथ लिया। मौके पर आदित्य कुमार साहू ने कहा गंदगी के कारण लाखों लोग आज बीमारी से जूझ रहे हैं। इसलिए हम सबों को मिलजुल कर लोगों को जागरूक करना होगा। हमारा गांव को स्वस्थ और गंदगी को दूर भगाना होगा। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनसा रानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत अभियान को सफल बनाना है और आज हर घर में शौचालय की व्यवस्था की गई है एवं नल से जल की व्यवस्था की गई है ताकि लोग इधर-उधर ना भटके । तोड़ार पंचायत मुखिया शोभा देवी ने कहा कि अपने पंचायत के जितने भी गांव आते हैं उसे सफाई रखने का संकल्प लेता हूं जिससे आने वाले भविष्य में बीमारी से ग्रसित ना हो लोग ।




### एक साल से फरार चल रहे मवेशी तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भरनो।** भरनो पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे मवेशी तस्करी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को गुमला जेल भेज दिया।इस संबंध में भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि भरनो थाना कांड संख्या 47/23 के अभियुक्त सिसई थाना के मुर्गू गांव निवासी प्रवेज भंडारी( 41 ) को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गुमला भेजा गया है ।अभियुक्त मवेशी तस्कर है और पिछले एक साल से फरार चल रहा था।इसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत है।रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर भरनो चौक के पास से उसे गिरफ्तार किया गया । यह अभियुक्त दूसरे राज्य भागने के फिराक में था लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।




**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

::इच्छा की अभिव्यक्ति::

वित्तीय वर्ष 2024–25 में चतरा जिलें में स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन हेतु विभागीय पत्रांक संख्या–F.No.DP-12/28/2021-DP-II (EO-40896) , दिनांक–02.08.2023 के आलोक में प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/सोसाईटी योजना का प्रस्ताव विभागीय पत्रांक संख्या–F.No.DP-12/28/2021-DP-II (EO-40896) , दिनांक–02.08.2023 के आलोक में मुहरबंद लिफाफे में (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन द्वितीय तल्ल, चतरा में दिनांक–30.09.2024 के अपराह्न 02:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें।

नोटः–योजना का विस्तृत जानकारी चतरा के आधिकारिक वेबसाईट **chatra.nic.in** से की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा

PR 336681 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D


# एसटी आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा पहुंची भंडरा, कहा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर शत प्रतिशत योग्य लाभुकों तक पहुंचाएं

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को भंडरा पंचायत भवन में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों समेत सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक व जनसभा की । मौके पर आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला मनरेगा डायरेक्टर, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार सहित प्रखंड स्तरीय अन्य विभागीय पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य द्वारा क्रमवार सभी विभाग अंतर्गत संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं में प्रगति की समीक्षा तथा योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गई। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है। समीक्षा के क्रम में पशुपालन विभाग, वन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, समाज कल्याण, मनरेगा, आवास, उद्योग तथा जेएसएलपीएस विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण कर योजना के उद्देश्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड व पंचायत स्तरीय पदाधिकारी योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर लाभुकों से वार्ता करें और योजनाओं की नियमित समीक्षा करें ताकि समस्या समाधान की ओर कार्य कर योजनाओं को ससमय पूर्ण किया जा सकें। उन्होने कहा कि विभिन्न माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करें। समीक्षा के दौरान अकाशी निवासी ललित उरांव ने आशा लकड़ा को लिखित आवेदन देकर एसटीएससी थाने मे आवेदन देने पर करवाई नहीं किये जाने की शिकायत की. वही सोमरी उरांव ने राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की. सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अपने समस्या को लेकर आयोग के सदस्य को आवेदन दिया. मौके पर आयोग के सदस्य ने सभी समस्यो को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की बात कही। इस मौके पर बीडीओ, सीओ, स्थानीय जनप्रतिनिधि व जनता मौजूद थे।




### परिवर्तन यात्रा के निमित्त में बैठक किया गया अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं जुटे

**बिशुनपुर।** भारतीय जनता पार्टी बिशनपुर मंडल में मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर के अध्यक्षता में आगामी होने वाले कार्यक्रम दिनांक 27 सितंबर 2024 दिन शुक्रवार को परिवर्तन यात्रा के निमित्त में बैठक की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिशुनपुर विधानसभा प्रवासी प्रभारी विश्व विजय सिंह तोमर मंडल प्रभारी प्रदीप प्रसाद एसटी मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी भिखारी भगत केदार साहू जी थे जिसमें प्रखंड के सभी कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया कि घाघरा में होने वाले परिवर्तन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं को जुट कर कार्यक्रम को सफल बनाना है साथ ही साथ पार्टी के विस्तार के बारे में चर्चा किया गया जिसमें मुख्य रूप से गुलाब साहू अजीत उरांव, चंदन सिंह, प्रदीप उरांव, अभिषेक रंजन, सिंह, नामित उरांव, बिंदेश्वर साहू, छोटन उरांव, दिलेश्वर भगत, शंकर उरांव, रंजीत साहू, बृजमोहन यादव, मंगरु खरवार, रामलाल असुर, ज्ञान सिंह, रिंकू गिरी. तपेश्वर उरांव, रामधनी उरांव, मुरारीसिंह, ललिता देवी,सरस्वती देवी, हीरामुनी देवी, अशोक साह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/05/2024-25/RE-1

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पत्थलगडडा पंचायत सिंघानी में परसोनिया नदी में पुल निर्माण। | 5,40,86,200.00 | 10,82,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –25.09.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–25.09.2024 से दिनांक–01.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 336640 (Rural Development)24-25*D

# योजना का पैसा गबन मामला में सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

*जमीन समतलीकरण के नाम पर 2017 में पांच सरकारी कर्मी, एक मुखिया तथा अस्थाई ऑपरेटर के विरुद्ध विभागीय कारवाई किया गया*




**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत ग्राम में विकास कार्य को गति प्रदान हेतु सामूहिक एवं स्वालंबी जैसे सरकारी योजना चलाया जाता रहा और योजना का पैसा बंदर बांट भी होते रहा लेकिन यह बातें सिर्फ मौखिक सुनने को मिलता था। लेकिन वर्ष 2017 में लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत के चितरी अम्बा टोली में ऐसा मामला आया जो काफी चर्चा का विषय बन गया। और जिला अधिकारी के संज्ञान में पहुंचने पर दंड के रूप में जुमार्ना राशि के साथ गवन राशि जमा करने का आदेश निर्गत किया गया। परंतु नामजद आरोपियों के द्वारा पहल नही किया गया। जिसकी सूचना उप विकास आयुक्त सह जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा लोहरदगा को मिलते ही उनके पत्रांक 598 दिनांक 15/07/2017 के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के पत्रांक 870 दिनांक 14/09/2024 के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 85/24 दिनांक 17/09/24 को दर्ज कर सरकारी पैसा गवन मामला में पुलिस कारवाई आरम्भ किया गया। बताया जाता है कि बीते वर्ष 2017 में डांडू पंचायत के 9 नौ लाभुक का सरकारी सहायता हेतु जमीन समतलीकरण किया जाना था जिसमें तत्कालीन कनीय अभियंता ग्रीन प्रसाद सहायक अभियंता सुबोध कुमार सत्यम,पंचायत सचिव विश्वनाथ प्रजापति,मुखिया पारसमुनी उराइन,पूर्व पंचायत सचिव महफूज अंसारी,ग्राम रोजगार सेवक प्रवीण कुमार तथा अस्थाई कम्प्यूटर ऑपरेटर विनय कुमार गवन मामला में मुख्य आरोपी बताया गया है। योजना की राशि गवन मामला में जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन किस प्रकार कदम उठाती है। और आरोपियों को सजा दिलाया जाएगा या फिर जुमार्ना के साथ गवन राशि की वसूली किया जाता है। फिलहाल सेन्हा थाना में उन नामजद के विरुद्ध 9 लाख 79 हजार तीन सौ सन्तानवे रुपया जुमार्ना राशि के साथ प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## 39 नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लोहरदगा।** जिला व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा के सभा कक्ष में 23 सितंबर 2024 को झालसा के निदेर्शानुसार डालसा, लोहरदगा में नियुक्त 39 नए पारा लीगल वॉलिंटियर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कहा कि आप व्यवहार न्यायालय व अन्य कार्यालय और आम जनता के बीच पुल का काम करेंगे। आपको लोगों को जागरूक करने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला को अच्छे से करे। किसी की मदद करना परोपकार का कार्य है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने कहा कि आप न्यायिक प्रक्रिया डालसा से जुड़ रहे है। आपको लोगों की समस्या को सुनना है साथ उस समस्या का दूर करने का कार्य करने है। इसके अलावा लोगों को समझौते और लोक अदालत के बारे में जानकारी देना है। एडीजे प्रथम ने कहा कि आप सभी को विधिक संबंधित कार्य करनी है। साथ ही लोगों को उनके अधिकार के बारे में बताना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति हो रहे अपराध के बारे में जानना है। साथ ही उनके संरक्षण का कार्य करना है। सीजेएम कृष्ण कांत मिश्र ने कहा कि ने कहा कि आप सभी को समाज सेवा के साथ विधिक सेवा भी करनी है।

## पीएम आवास की दूसरी किस्त रुकने से परेशान कोल आदिवासी आज से शुरू करेंगे आंदोलन

**गांडेय,गिरिडीह।** जेएलकेएम ने कहा, आंदोलन के साथ हैं। गरीबों के साथ हो रहा अन्याय, तुरंत हो भुगतान। गांडेय प्रखंड के तेलझारी गांव के कई गरीब कोल आदिवासी परिवारों के पीएम आवास की द्वितीय किस्त की राशि 1 साल से रोक दी गई है, जिससे पीड़ित परिवार काफी परेशान हैं। कइयों ने लिंटल तक पीएम आवास बनाने में भी कर्ज लेकर अलग से मुसीबत मोल ली है। फिर भी पैसा नहीं मिल रहा है। अब जबकि वे लगातार प्रखंड से लेकर जिला तक रुकी हुई राशि भुगतान की फरियाद लगाकर थक चुके हैं, तो उन्होंने कल 24 तारीख से अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया है। हम उनके साथ हैं और प्रशासन से तत्काल उनकी रोकी गई राशि भुगतान करने की मांग करते हैं। उक्त बातें आज जेएलकेएम नेता राजेश यादव ने पीड़ित परिवार के लोगों से मुलाकात के बाद कही। उन्होंने कहा कि, हाल की भारी बारिश से इन लगभग सभी गरीब परिवारों के कच्चे और कुछ के पुराने इंदिरा आवास भी जर्जर हो चुके हैं, जिससे कभी-भी कोई हादसा हो सकता है। उक्त आंदोलन में बिरजू कोल, धीरज कोल, संजोति देवी, पूरन कोल, बुधन कोल (छोटा), बुधन कोल (बड़ा), झुनु कोल, राजेश कोल, टीपन भोगता ने बीडीओ, सीओ को आवेदन पत्र देकर सूचना दी गई

## क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने भ्रमण कर कार्य का लिया जायजा

**सेन्हा–लोहरदगा।** वन प्रमंडल लोहरदगा के विभिन्न क्षेत्र में विभागीय कार्य का अवलोकन क्षेत्र भ्रमण के दौरान करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पाए गए त्रुटि में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा वन प्रमंडल में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक जब्बार सिंह के द्वारा वन विभाग के माध्यम से विभागीय कार्यो का मुआयना किया गया और विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्य का अवलोकन श्री सिंह द्वारा सबसे पहले कुडू प्रखंड के चिरी जंगल का मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यो में कहीं कहीं त्रुटि पाया गया जिसमें सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य को गति प्रदान हेतु जानकारी भी दिया गया। लोहरदगा के नदी किनारे हो रहे वृक्षारोपण का मुआयना किया गया। साथ ही ऐसे और पौधरोपण करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

# ग्रामीण महिलाएं जुड़ें रोजगार से: चेयरमैन रीना कुमारी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्वावलंबी बनाने और सामान्य जीवन स्तर को ऊपर उठाने को लेकर सोमवार को भंडारा प्रखंड में आजीविका महिला संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरूआत किया। इस दौरान आजीविका मिशन से जुड़े वक्ताओं ने ग्रामीण महिलाओं को जागरुक होकर आर्थिक स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ उठाने को कहा गया। वार्षिक आम सभा की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि, वर्तमान समय में महिलाएं जागरुक होकर रोजगार से जुड़ रही हैं। राज्य और केंद्र सरकार की कई योजनाएं महिला स्वयं सहायता समूह को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संचालित है। आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं गांव घर पर ही रोजगार कर सकती हैं। लोहरदगा के विभिन्न गांव में महिला समूह की महिलाओं ने रोजगार से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबी बनने की राह में आगे निकल चुकी हैं। कहा कि, आजीविका मिशन का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सहज रोजगार से जोड़ना है।


## –: कार्यालय :–
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

**–: आवश्यक सूचना :–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 16.10.2024 को निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/2024 | 25.05.2024 | विजय कुमार साहु | Truck Reg. No. JH-02BM-4267 | कोयला लगभग 30 टन |
| 2 | 40/2023 | 01.12.2023 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | - | सिधा बल्ली 15 पीस |
| 3 | 02/2023 | 10.01.2023 | गुलजार अहमद | Truck Reg. No. JH-01BE-8398 | साल बोटा 81 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.10.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 336674 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/04/2024-25/RE-1**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड–ईटखोरी में पंचायत–हलमता में महाने नदी के हलमता एवं जूगूडीह के गरगरिया घाट पर पुल निर्माण। | 5,52,78,600.00 | 11,05,600.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –25.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–25.09.2024 से दिनांक–01.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 336634 (Rural Development)24-25*D



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

**67वीं औपबंधिक सूची**
**जिला– लातेहार (पार्ट–4)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी धनेश्वर उराँव एवं सत्येन्द्र सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–488/24<br>2. आवेदक–जंगे भगत, पिता–स्व0 टीपू भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–489/24<br>2. आवेदक–चिंतामनी भगत, पिता–स्व0 टीपू भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–490/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मी लाल भगत, पिता–स्व0 जितन भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–491/24 2. आवेदक–गिरधारी भगत, पिता–स्व0 हुसैनी भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बनहरदी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–93 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0–492/24 2. आवेदक–शिवमंगल भगत, पिता–शिवबालक भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बनहरदी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0–493/24 2. आवेदक–हीरालाल भगत, पिता–स्व0 फागु भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0–494/24 2. आवेदक–मनिलाल भगत, पिता–स्व0 जितन भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0–495/24 2. आवेदक–मनोहर भगत, पिता–स्व0 टीपू भगत<br>3. ग्राम–डडेया, पोस्ट–बारी, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर एवं विश्वनाथ सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 197. | 1. आवेदन क्र0–370/24<br>2. आवेदक–हृदया नन्द मिश्रा, पिता–स्व0 भगवती प्रसाद मिश्र<br>3. ग्राम–गायत्रीगनर, हैप्पी किड्स स्कूल के पास पोस्ट–सुदना, थाना–डाल्टेनगंज, प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घुटना के नीचे घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0–371/24<br>2. आवेदक–महताब उल्लाह, पिता–स्व0 जया उल्लाह<br>3. ग्राम–चियाँकी, पोस्ट–चियाँकी, थाना–सदर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में गोली का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0–635/24<br>2. आवेदक–प्रदीप नगेसिया, पिता–स्व0 बनधा किशन<br>3. ग्राम–पारही, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0–636/24<br>2. आवेदक–करमी नगेशिया, पति–बाबुलाल नगेशिया<br>3. ग्राम–चटकपुर, पोस्ट–चटकपुर, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ गर्दन में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0–637/24<br>2. आवेदक–सीता केरकेट्टा, पति–जितेन्द्र खलखो<br>3. ग्राम–तम्बोली, पोस्ट–अक्सी, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0–638/24<br>2. आवेदक–अलकसियुस किडों, पिता–स्व0 फगुवा किडों<br>3. ग्राम–गोढगाँव, पोस्ट–चरकपुर, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हथेली टेढ़ा। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–639/24<br>2. आवेदक–कुंती देवी, पति–स्व0 अरूण उराँव<br>3. ग्राम–महुवाडाँड, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–640/24 2. आवेदक–नेमा लोहरा, पिता–बालकु लोहरा<br>3. ग्राम–असनारी लातेहार, हामी, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0–641/24<br>2. आवेदक–जुगनी देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 अरूण उराँव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–महुवाडाँड, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–642/24 2. आवेदक–मनिला लकड़ा, पति–जैनी जैकप लकड़ा<br>3. ग्राम–अम्बवाटोली, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–643/24 2. आवेदक–सबिएल तिग्गा, पिता–जोसेफ तिग्गा<br>3. ग्राम–असनारी, हामी, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–644/24 2. आवेदक–सुनिता देवी, पति–सरजू प्रसाद<br>3. ग्राम–महुवाडाँड, पोस्ट–महुवाडाँड, थाना–महुवाडाँड, प्रखण्ड–महुवाडाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का कानी अंगुली टेढ़ा। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरलीधर प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह एवं बिरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–609/24<br>2. आवेदक–जितनी मसोमात (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 लालदेव उराँव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा (टोला बरवाटांड़), पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पखुरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–610/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र भगत, पिता–स्व0 धनलाल भगत<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0–611/24<br>2. आवेदक–सुखमनि देवी, पति–श्री मंगलदेव भगत<br>3. ग्राम–बमनहेरूआ, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के घुटना पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–612/24<br>2. आवेदक–अखतर मियाँ, पिता–स्व0 जाकिर हुसैन<br>3. ग्राम–इचाक, पोस्ट–कुरा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–613/24<br>2. आवेदक–गोविन्द प्रसाद, पिता–स्व0 रामचन्द्र प्रसाद<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दाहिने ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–614/24<br>2. आवेदक–गायत्रि देवी, (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 दिनेश सिंह (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–फुलसू, पोस्ट–फुलसू, थाना–बारियातू, प्रखण्ड–बारियातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हांथ के केहुनी में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–615/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण उरांव, पिता–मखन उरांव<br>3. ग्राम–पतरातू, पोस्ट–टेमकी, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा पर चेचक का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–616/24<br>2. आवेदक–अवधेश कुमार यादव, पिता–स्व0 गोविन्द प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–सासंग, पोस्ट–सासंग, थाना– चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हांथ के बिच के अंगुली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–617/24<br>2. आवेदक–शकुन्तला देवी, पति–श्री गोविन्द प्रसाद<br>3 ग्राम–पाण्डेयपुरा, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया आंख के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–618/24<br>2. आवेदक–सुकर गंझू, पिता–स्व0 दासो गंझु<br>3. ग्राम–जबरा (टोला रूचवा),पोस्ट–बारिखाप, थाना– बारियातु, प्रखण्ड–बारियातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– चेहरा पर लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–619/24<br>2. आवेदक–रामनाथ गंझू, पिता–स्व0 भुनेश्वर गंझु<br>3. ग्राम–गड़गोमा, पोस्ट–गड़गोमा, थाना– बारियातु, प्रखण्ड–बारियातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना पैर में घुटना से निचे कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–620/24<br>2. आवेदक–सिलोचनी कुवंर, (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 खगेन्द्र नाथ यादव (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–फुलसू, पोस्ट–फुलसू, थाना–बारियातू, प्रखण्ड–बारियातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया पैर में सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–621/24<br>2. आवेदक–अमृत गंझू, पिता–नारायण गंझू<br>3. ग्राम–गड़गोमा, पोस्ट–गड़गोमा, थाना–बारियातु, प्रखण्ड–बारियातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के नीचे नाक के दाहिनी ओर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–622/24<br>2. आवेदक–नवल प्रसाद, पिता–स्व0 रामचन्द्र साव<br>3. ग्राम–पाण्डेयपुरा, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–623/24<br>2. आवेदक–अशोक तिवारी, पिता–मथुरा तिवारी<br>3. ग्राम–अम्वाटीकर, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां तरफ गर्दन में गाँठ। | कंडिका–2(ix) |
| 224. | 1. आवेदन क्र0–624/24<br>2. आवेदक–कमलेश कुमार दुबे, पिता–हृदयानन्द दुबे<br>3. ग्राम–धरमपुर, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में बायें तरफ मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0–625/24<br>2. आवेदक–रिता पाण्डेय, पति–सतीश कुमार पाण्डेय<br>3. ग्राम–विशनपुर, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पीछे लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0–626/24<br>2. आवेदक–शंभु सिंह, पिता–स्व0 कृष्णा मुरारी सिंह<br>3. ग्राम–चन्दनडीह, पोस्ट–लातेहार, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के पास कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0–676/24<br>2. आवेदक–रमन उराँव, पिता–मनवा उरांव<br>3. ग्राम–सालोडीह, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में चेचक का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0–627/24<br>2. आवेदक–विजय अगेरिया, पिता–लिटंगु अगेरिया<br>3. ग्राम–सालोडीह, पोस्ट–पाण्डेयपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0–628/24<br>2. आवेदक–ममित मियां, पिता–सराजुहधिन मियां<br>3. ग्राम–बारी (हुलचु), पोस्ट–बारी, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0–629/24<br>2. आवेदक–रामलाल उरांव, पिता–स्व0 रति उरांव<br>3. ग्राम–जड़ेयांग, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट के बीच में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0–630/24<br>2. आवेदक–रामदेव उरांव, पिता–स्व0 चैतु उरांव<br>3. ग्राम–जड़ेयांग, पोस्ट–टेमकी, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–677/24<br>2. आवेदक–लालसहाय उरांव, पिता–स्व0 देवलाल उरांव<br>3. ग्राम–बारी (जोखा), पोस्ट–बारी, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–631/24<br>2. आवेदक–रामसहाय उरांव, पिता–स्व0 देवलाल उरांव<br>3. ग्राम–बारी (जोखा), पोस्ट–बारी, थाना–चंदवा, प्रखण्ड–चंदवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के दाहिने ओर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–678/24<br>2. आवेदक–बबलु तिवारी, पिता–अवध बिहारी तिवारी<br>3. ग्राम–बारियातू जागीर, पोस्ट–बारियातू जागीर, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–632/24<br>2. आवेदक–पोखन साव, पिता–स्व0 बाढ़ो साव<br>3. ग्राम–गड़गोमा, पोस्ट–गड़गोमा, थाना–बारियातु, प्रखण्ड–बारियातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–633/24<br>2. आवेदक–विवेक भास्कर (आश्रित पुत्र), पिता–स्व0 उमेशचन्द्र भास्कर (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–नावागढ़ बाजार, पोस्ट–नावागढ़, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–34 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–679/24<br>2. आवेदक–विकास कुमार नगेसिया, पिता–स्व0 कृष्ण कुमार नगेसिया<br>3. ग्राम–पारही, नावाटोली, पोस्ट–महुआटांड थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–28 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने बांह में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–680/24<br>2. आवेदक–मोहन नगेसिया, पिता–स्व0 पच्चु नगेसिया<br>3. ग्राम–चटकपुर, पोस्ट–महुआटांड थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–681/24<br>2. आवेदक–जयपाल किसान, पिता–सोहन किसान<br>3. ग्राम–कार्गे महुआडांड, पोस्ट–महुआडांड थाना–महुआडांड, प्रखण्ड–महुआडांड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0–480/24<br>2. आवेदक–नरेन्द्र लाल, पिता–स्व0 बजरंग लाल<br>3. ग्राम–धुर्वा, पोस्ट–बालालौंग थाना–धुर्वा, प्रखण्ड–खिजरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0–481/24<br>2. आवेदक–उषा देवी, पति–राजू साव<br>3. ग्राम–कान्दु मुहल्ला, पोस्ट–डाल्टेनगंज थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0–482/24<br>2. आवेदक–कन्हाई प्रसाद, पिता–महेश प्रसाद<br>3. ग्राम–कान्दु मुहल्ला, पोस्ट–डाल्टेनगंज थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आरडियन खाखा द्वारा आयोग के सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 243. | 1. आवेदन क्र0–682/24<br>2. आवेदक–सारो देवी, पति–नागेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–बालू खैराही, पोस्ट–बालू, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 244. | 1. आवेदन क्र0–683/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मी देवी, पति–काशी उरांव<br>3. ग्राम–कढ़मा, पोस्ट–पान्डेपुरा, थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 245. | 1. आवेदन क्र0–684/24<br>2. आवेदक–करोलिना खलखो, पति–अरडियन खाखा<br>3. ग्राम–बहेरा टोली, पोस्ट–राजडंडा, थाना–महुआडंडा, प्रखण्ड–महुआडंडा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 246. | 1. आवेदन क्र0–685/24 2. आवेदक–कांशी उरांव, पिता–स्व0 चरवा उरांव<br>3. ग्राम–चेताग, पोस्ट–चेताग, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 247. | 1. आवेदन क्र0–686/24 2. आवेदक–सोमारी देवी, पति–बनारस उरांव<br>3. ग्राम–नावाडीह, पोस्ट–मैंसादोन, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 248. | 1. आवेदन क्र0–687/24 2. आवेदक–निरा देवी, पति–जुगेश्वर उरांव<br>3. ग्राम–शांति, पोस्ट–भुरपा, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 249. | 1. आवेदन क्र0–225/24 2. आवेदक–पुष्पा देवी, पति–शशिभुषण साहु<br>3. ग्राम–ड़ोढ़ा टोली, पोस्ट–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 250. | 1. आवेदन क्र0–688/24 2. आवेदक–जीतो देवी, पति–शंकर उरांव<br>3. ग्राम–जाला, पोस्ट–सेरेगाड़ा, थाना–बालूमाथ, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336686 Home (24-25)_D

मोह अंधा बना देता है, यह इच्छित वस्तु के चारों ओर आकर्षण के एक काल्पनिक मायाजाल की सृष्टि कर देता है। - श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, ''योगी कथामृत'' में

## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड मतदान के मायने

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में 24 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जो ऐतिहासिक और उत्साहवर्धक है। अनुच्छेद 370 के हटने और प्रमुख राजनीतिक दलों के विरोध के बावजूद केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद यह जम्मू-कश्मीर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है। कश्मीर का अशांत राजनीतिक इतिहास कुछ ऐसा है, जिसे भुलाया नहीं जा सका है और इसलिए जम्मू-कश्मीर के स्थानीय लोगों में थोड़ा संदेह है कि मौजूदा चुनाव कराने के पीछे नई दिल्ली की क्या रणनीति हो सकती है। चूंकि 1977 को छोड़कर चुनाव परिणामों में धांधली के कई उदाहरण देखे जा चुके हैं, इसलिए कई प्रमुख राजनीतिक दल इसका फायदा उठाकर यह दिखाना चाहेंगे कि दिल्ली एक दिखावटी चुनाव कराना चाहती है, ताकि एक ऐसी सरकार बने, जो सत्तारूढ़ भाजपा के सुर में सुर मिलाए, लेकिन जम्मू-कश्मीर के अशांत इतिहास को याद करना महत्वपूर्ण है, जो हमें बताता है कि लोकतंत्र स्थापित करने के प्रयास में इसने कई चुनाव देखे हैं, लेकिन 1977 के चुनावों को छोड़कर अधिकांश चुनावों के नतीजे संदिग्ध रहे हैं। इसमें शेख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने स्पष्ट रूप से जीत हासिल की थी, जिसने इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट रूप से हराया था। उनके पहले के शासन में दिल्ली के दबंगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके कारण उन्हें 1977 में पुनः निर्वाचित होने तक लंबे समय तक गिरफ्तार रखा गया। लेकिन 1982 में उनकी मृत्यु के बाद उनके पुत्र फारूक ने सत्ता संभाली और श्रीमती गांधी के साथ उनका टकराव हुआ। इसके कारण वहां की चुनी हुई सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। नतीजतन दिल्ली और श्रीनगर के बीच बहुत कड़वाहट पैदा हो गई। राजनीतिक सौदेबाजी और खरीद-फरोख्त के कारण प्रतिद्वंद्वी दलों और उनके मुख्यमंत्रियों द्वारा उम्मीदवारों को खरीदकर लोगों पर थोपा गया। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों ने खुद को ठगा हुआ महसूस किया और नई दिल्ली द्वारा प्रेरित चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के बजाय अन्य विकल्पों की तलाश शुरू कर दी। इससे पाकिस्तान को भारत विरोधी भावना भड़काने का मौका मिल गया, और जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद की भावना पनपने लगी और पाकिस्तान के एजेंडे के लिए उपजाऊ मैदान तैयार हो गई। वर्ष 1987 का चुनाव एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसके बारे में अधिकांश लोगों का मानना था कि धांधली हुई थी। जमात के कई उम्मीदवार भारतीय लोकतंत्र से निराश होकर पाकिस्तान चले गए, जहां उन्होंने सैन्य आयाम वाले राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत की, जिसने आगे चलकर चरमपंथी रूप ले लिया, जो जम्मू-कश्मीर और उसके स्थानीय लोगों, खासकर युवाओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बाद में उनमें से सैकड़ों पाकिस्तान से वापस लौट आए, लेकिन पाकिस्तान में उन्हें सैन्य प्रशिक्षण दिया गया और अलग जम्मू एवं कश्मीर बनाने के लिए उकसाया गया था, जो भारत के विचार के विपरीत था।

> जम्मू-कश्मीर के अशांत इतिहास को याद करना महत्वपूर्ण है, जो हमें बताता है कि लोकतंत्र स्थापित करने के प्रयास में इसने कई चुनाव देखे हैं, लेकिन 1977 के चुनावों को छोड़कर अधिकांश चुनावों के नतीजे संदिग्ध रहे हैं।

# नदियों व पर्यावरण को बचाने के लिए हो सजीव प्रयास



डॉ रामचंद्र कुमार
सहायक प्राध्यापक
आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया।



किसी भी प्रदेश कि नदियां केवल एक जलस्त्रोत मात्र नहीं होती बल्कि सतह के निर्माण और परिवर्तन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण भू-आकृतिक प्रक्रम भी है। नदी अपने प्रवाह मार्ग में मिट्टी, चट्टानों, और अन्य अवसादों को काटती और बहा ले जाती है, जिससे घाटियां, जलप्रपात, क्षिप्रिकाएं जैसी भू-आकृतियां बनती हैं। नदी द्वारा लाए गए अवसादों के संचय से निचले इलाकों में मैदानों और डेल्टा का निर्माण होता है, जो जैव-विविधता एवं कृषि के लिए उर्वर भूमि प्रदान करता है। साथ ही, नदियों का निरंतर प्रवाह भूमिगत जलस्तर को भी पुनर्भरित करता है और जलचक्र को संतुलित बनाए रखता है। नदियाँ प्राकृतिक पर्यावास के साथ-साथ मानवीय पर्यावास के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये न केवल पेयजल और सिंचाई के स्रोत के रूप में कार्य करती हैं, बल्कि कृषि, उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान देती हैं। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं की नदियां मानव सभ्यता एवं संस्कृति की जननी एवं पोषक है। झारखण्ड जैसे राज्यों में जहां की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों, पठारी भागों में रहता है, अपनी जीवन-यापन के लिए सीधे तौर पर नदियों एवं इसके प्राकृतिक क्षेत्र पर निर्भर हैं। नदियां जैव विविधता का संरक्षण, पुनर्जनन, भूजल पुनर्भरण, तापमान नियंत्रण कर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अर्थात नदियां एक ओर जहां प्राकृतिक संसाधनों का सतत विकास सुनिश्चित करती हैं तो वहीं सतत मानवीय जीवन का आधार तैयार करती हैं।

भौगोलिक दृष्टिकोण में झारखंड राज्य भारत के उन महत्वपूर्ण राज्यों में एक है जो अपनी अनुपम प्राकृतिक विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। एक नए राज्य के निर्माण के विभिन्न आधारों में सबसे महत्वपूर्ण आधार यह भी था कि भौगोलिक दृष्टि से प्रकृति ने इस राज्य की रचना बिहार से भिन्न की है। वन्नाछादित भूमि, कई छोटी-बड़ी पहाड़ियों से युक्त पठारी क्षेत्र, सुंदर जलप्रपातों का निर्माण करने वाली नदियाँ, प्राकृतिक जलाशय, भूमि के गर्भ में संचयित बहुमूल्य खनिज संसाधनों का भंडार आदि, जिससे न सिर्फ विशेष प्राकृतिक पर्यावास बल्कि विशेष मानव पर्यावास को भी सृजित किया। इन प्राकृतिक विशेषताओं से युक्त इस भौगोलिक क्षेत्र की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मानव विकास के नवीन आर्थिक प्रतिमानों ने जो उद्योगों पर आधारित हैं का एक आकर्षक भू-भाग बन कर रह गया। उद्योगों एवं कथित मानवीय विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति इस क्षेत्र की प्राकृतिक प्रचुरता को नष्ट करने के कीमत पर भी जारी है जिसका परिणाम यह है कि यहाँ की नदियाँ अवनयन के खतरनाक स्तर से गुजर रही है। मानवजनित प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, अनियंत्रित खनन, औद्योगिकीकरण एवं नगरीकरण के कारण नदियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है।

झारखंड की नदियों को प्रवाह की दिशा के अनुसार दो भागों में बाँटा गया हैः उतरवर्ती और दक्षिणवर्ती नदियां। उतरवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठारी क्षेत्रों से निकलकर उत्तर की ओर बहती हुई गंगा में मिलती हैं जैसे- सोन, उत्तरी कोयल, पुनपुन, फल्गु, सकरी, चानन आदि। दूसरी ओर, दक्षिणवर्ती नदियाँ वे हैं जो पठार के दक्षिणी भाग से निकलकर दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर बहती हैं। इनमें दामोदर, स्वर्णरेखा, बराकर, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी और बंसललोई प्रमुख हैं। ये नदियाँ मुख्यतः बरसाती हैं, इसके बावजूद पहले इन नदियों में पानी का बहाव वर्ष भर होता रहता था किंतु अब ऐसा नहीं होता। अब अधिकांश नदियां वर्षा काल के बाद सूखने लगती हैं और गर्मी आते-आते प्रायः सुख जाती हैं। दामोदर, सुवर्णरेखा, दक्षिणी कोयल, शंख, अजय, मोर/मयूराक्षी, ब्राह्मणी, गुमानी, बंसललोई आदि प्रमुख नदियों की कई सहायक नदियां अब विलुप्त हो गई हैं और कुछ विलुप्तप्राय हैं। जैसे - रांची में नकटी नदी, ढोड नदी, पोटपोटो नदी, हरमू नदी। एक रिपोर्ट की माने तो धनबाद में कतरी, जमुनिया, गोबई, खुदिया और इजरी नदी समेत लगभग 100 छोटी-बड़ी नदियाँ विलुप्त हो गई है या विलुप्त होने के कगार पर है। यही स्थिति झारखण्ड के हर जिलों में है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति है बड़े दुष्प्रभाव देखने को मिल रहें हैं। नदियों के सिकुड़ने या सुख जाने से कृषि, पशुपालन जैसी जीवन निर्वाहक आर्थिक क्रियाकलाप प्रभावित हुवा हैं वहीँ गर्मी के दिनों में पेयजल संकट भयावह हो जाता है। इसके लिए सबसे बड़ा कारण है नदियों के प्राकृतिक क्षेत्र में मानवीय अतिक्रमण, दूसरा कारण है जनसँख्या में वृद्धि एवं अनियंत्रित शहरीकरण में तीव्रता, वहीँ प्रदुषण तीसरा सबसे बड़ा कारण खनन एवं औद्योगिक गतिविधियाँ है।

झारखंड की नदियों के जल में प्रदुषण का स्तर, अपवाह क्षेत्र में अतिक्रमण एवं मानवीय दखल के प्रभावों पर लगातार अध्ययन होते रहें हैं जैसे -अमरकंटक से निकलने वाली सोन नदी, जो झारखण्ड समेत चार राज्यों की जीवन रेखा है, अतिक्रमण और प्रदूषण के कारण उद्गम स्थल पर ही दम तोड़ रही है। प्रो। एम। के। भटनागर ने एक शोध में बताया कि पेपर मिल, चचाई थर्मल पावर प्लांट और बाणसागर से निकलने वाले प्रदूषित जल ने सोन नदी के भौतिक और रासायनिक गुणों को बदल दिया है। जल में टीडीएस, टर्बिडिटी और पीएच स्तर में बदलाव देखा गया है, जबकि अतिक्रमण और बांध के कारण नदी की धार पतली होती जा रही है। इसी प्रकार उत्तरी कोयल नदी जो पलामू, लोहरदगा, गढ़वा आदि जिलों की लाइफ लाइन मानी जाती है कि एक सहायक नदी ह्यदानरोंह्न पर प्रो। मजुमदार एवं अभिषेक ने अध्ययन किया। नेचर में प्रकाशित हुई इस अध्ययन में इन्होने बताया कि मानसून में प्रदूषण का स्तर 27।15 पहुंचना, अत्यधिक प्रदुषण को दशार्ता है, वहीँ भूजल में इन्होंने सीसा पाए जाने की पुष्टि की है। इसी प्रकार पटना विश्वविद्यालय के पर्यावरणविद डॉ पॉल ने अपने एक लेख में बताया है कि पुनपुन नदी में फीकल कॉलीफॉर्म की मात्रा चरम पर है, नदी का पानी अब नहाने योग्य नहीं रह गया है। वहीँ तिर्की एवं मिस्त्री ने झारखंड राज्य की विभिन्न नदियों के जल की भौतिक और रासायनिक गुणों का परीक्षण किया , जिसमें हरमु, स्वर्णरेखा, दामोदर (रामगढ़, धनबाद, बराकर, बोकारो) नदियों के जल की गुणवत्ता की जाँच की गई। जाँच में घुलित ऑक्सीजन 4.2 से 9.2 mg/l के बीच पाई गई, जबकि पानी में क्षारता 168 से 194 mg/l के बीच पाया गया। वहीं प्रो. एस. के. गौतम एवं रावत ने अपने एक अध्ययन में बताया है कि सुबर्णरिखा नदी में नाइट्रोजन की सांद्रता बढ़ रही है एवं शहर का गंदा पानी एवं अवशिष्ट पदार्थों के कारण अब यह नदी कई स्थानों संकुचित हो गई है। झारखण्ड कि सबसे बड़ी दामोदर नदी, जो आज के समय में देश की पांच सबसे प्रदूषित नदियों में एक है। जिसमें औद्योगिक कचरे और रासायनिक अवशेषों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुँच गई है। खनन कार्यों से उत्पन्न धूल और रसायन ने पानी कि गुणवत्ता को खराब किया है वहीँ अवैध बालू उत्खनन से नदि के प्रवाह में रुकावट आई है, जिससे दामोदर नदी पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## धर्म की बात

# पितृ पक्ष पर विशेष : श्रद्धा के बिना अधूरा है श्राद्ध



योगेश कुमार गोयल

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आह्वान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा देश की अनूठी परंपरा



डॉ. मनमोहन प्रकाश

ज्ञान और प्रौद्योगिकी इस सदी के वे दो मंत्र है जो किसी भी देश के विकास और सुरक्षा का मूल आधार है तथा मानव समाज की उन्नति और खुशहाली का हेतु। विज्ञान किसी भी घटना, परिस्थितियों, सिद्धांतों आदि का कार्य - कारण उद्देश्य से किया गया अध्ययन, अवलोकन, अन्वेषण, मूल्यांकन तथा विवेचन है वही तकनीक और प्रौद्योगिकी वैज्ञानिक ज्ञान और शोध निष्कर्षों का व्यवहारिक उपयोग दर्शाता है। आज विश्व में नित्य नये आविष्कार, अवधारणाएँ , सिद्धांत, तकनीक, उपकरण आदि प्रकाश में आ रहे हैं। विज्ञान अविष्कारों के सदुपयोग से जहां एक ओर मानव- जीवन सहज, सरल, दीघार्यु हुआ है, जीवन-यापन पहले से बेहतर हुआ है, जीवन की मुश्किलें कम हुई हैं। वहीं इसके दुरुपयोग से मानव की मुश्किलें बढ़ी हैं तथा जैवविविधता तथा पर्यावरण के लिए संकट पैदा हुआ है। वर्तमान में जारी यूक्रेन-रूस तथा हमास-इजरायल युद्ध में घातक हथियारों का उपयोग, आतंकवादी संगठनों द्वारा आतंक और दहशत के लिए घातक हथियारों के इस्तेमाल और उससे होने वाली जन-धन- पर्यावरण हानि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी दुरुपयोग के जीते जागते उदाहरण हैं। वहीं कोरोना जैसी विश्वव्यापी त्रासदी से निपटने के लिए वैक्सीन का विकास और उपयोग विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सद्‌पयोग का बेहतरीन जीवंत उदाहरण है। ऐसे कई उदाहरण आज हम सबके सामने मौजूद हैं। विज्ञान भारती देश की एक ऐसी स्वयं सेवी संस्था है जो देश में विज्ञान, शोध और नवाचार के लिए किशोर और युवाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए जानी जाती है। शायद इसीलिए इस संस्था से देश के सैकड़ों नामी-गिरामी वैज्ञानिकों, शिक्षकों के साथ विज्ञान में रुचि रखने वाले लोग जुड़े हैं। विज्ञान भारती का निस्वार्थ भाव से आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ भारतीय विज्ञान, वैज्ञानिक और तकनीकी को विस्तार और पहचान देने के लिए कार्य करना इसे अन्य संस्थाओं से अलग पहचान दिलाता है। विज्ञान भारती की गतिविधियों को देख कर ऐसा लगता है कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से स्कूली विद्यार्थियों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रूझान पैदा करने तथा वैज्ञानिक सोच,समझ, शोध रूझान विकसित करने के उद्देश्य से 'विद्यार्थी विज्ञान मंथन' का आयोजन कर रही है। वास्तव में वीवीएम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक डिजिटल बेस्ड वृहद बाल वैज्ञानिक प्रतिभा खोज परीक्षा कम कार्यक्रम ज्यादा है। यह परीक्षा अन्य प्रतिभा परीक्षाओं से अलग है क्योंकि इसमें प्रतिभागियों का मूल्यांकन विशिष्ट पद्धति से होता है, इसके आयोजन का उद्देश्य भी अन्य परीक्षाओं से अलग है तथा चयनित प्रतिभागियों को दिये जाने वाले पुरस्कार भी इसे अलग पहचान देते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

हमारे परस्पर प्रेम करने एवं अपनी समझ को स्पष्ट रखने, जैसा कि उन्होंने सिखाया एवं उदाहरण द्वारा दिखाया है, से ही शांति आ सकती है।


# अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर प्रेम हैं, उनकी सृष्टि की योजना केवल प्रेम में ही आधारित हो सकती है। क्या पाण्डित्यपूर्ण तर्कों की अपेक्षा यह साधारण विचार मानव हृदय को सान्त्वना नहीं देता? प्रत्येक वह सन्त जिसने परमसत्य के मर्म को पूर्णतः समझा है, प्रमाणित करता है कि एक दिव्य सर्वजनीन योजना विद्यमान है, जो सुन्दर एवं आनन्द से भरपूर है। जब हम ध्यान में ईश्वर से प्रेम करना सीख लेते हैं, हम समस्त मानवता से वैसे ही प्रेम करेंगे जैसे अपने परिवार से करते हैं। जिन्होंने अपने आत्मसाक्षात्कार के द्वारा ईश्वर को प्राप्त कर लिया है- जिन्होंने वास्तव में ईश्वर का अनुभव प्राप्त कर लिया है- केवल वे ही मानवता से प्रेम कर सकते हैं; तटस्थ रूप में नहीं, अपितु सगे भाइयों की तरह, एक ही पिता की सन्तान के रूप में। जान ले कि सभी जातियों की नसों में एक ही जीवन-रक्त संचारित हो रहा है। जब सभी में ईश्वर विद्यमान हैं और श्वास लेते हैं तो कोई भी व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से, चाहे वह किसी भी जाति का हो, घृणा कैसे कर सकता है? हम केवल कुछ ही वर्षों के लिए अमरीकी, हिन्दू या किसी अन्य राष्ट्रीयता से सम्बन्ध रखते हैं, परन्तु हम ईश्वर की सन्तान सदा के लिए हैं। आत्मा को मानव-निर्मित परिसीमाओं में बन्द नहीं किया जा सकता। इसकी राष्ट्रीयता ब्रह्म है; इसका देश सर्वव्यापकता है। यदि आप अपने भीतर ईश्वर से सम्पर्क करें, तो आप जान जाएँगे कि वे सबमें हैं, और वे ही सब जातियों के बच्चे बन गए हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**यकीं नहीं तो बोल दो, थोड़ी पूंछ उठाव।**
**भोंचक होगे जानकर, नर वर में बदलाव।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

# भय से दूर रहने का एक ही उपाय है - भगवान पर भरोसा



कृष्ण बिहारी मिश्र
लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार व विद्रोही 24 के संपादक हैं।




भगवान पर भरोसा करने से ही निर्भयता आती है। ऐसे जीवन में भय की कोई कमी नहीं है। भय की एक लंबी सूची है। यह जब परेशान करती है तो यह जीवन तक को खा जाती है। आपने कई के मुख से यह जरुर सुना होगा कि उसे चिन्ता खाये जा रही है। ये चिन्ता क्या हैं, भय का ही तो एक रूप है। ये बातें आज योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए योगदा भक्तों के बीच स्वामी गोकुलानन्द ने कही। उन्होंने कहा कि भय सर्वाधिक अगर किसी अंग को प्रभावित करता है, तो वह हृदय है। किसी भी साधक के लिए निर्भय होना बहुत ही जरुरी है, क्योंकि बिना निर्भयता के साधना हो ही नहीं सकती, क्योंकि भय आत्मा के प्रभुत्व तक को नष्ट कर डालता है। उन्होंने कहा कि भय हमारे मस्तिष्क और भय के अनुभवों को आत्मा के साथ बांध देता है, इसलिये हमें हर हाल में भय से मुक्त होना आवश्यक है। यह हमें दिव्य चेतना में लिप्त होने में रुकावट डालता है। स्वामी गोकुलानन्द ने भय के बारे में श्रीमद्भगवद्गीता में दिये गये अध्याय दो के श्लोक संख्या 40 को अपने सत्संग में बार-बार उद्धृत करते हुए कहा कि गीता कहती है कि नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते। स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्।। इस कर्मयोग में आरम्भ का अर्थात् बीज का नाश नहीं है और उलटा फलरूप दोष भी नहीं है, बल्कि इस कर्मयोगरूप धर्म का थोड़ा सा भी साधन जन्ममृत्युरूप महान भय से रक्षा कर लेता है। उन्होंने कहा कि भय को भगाने के लिए सर्वप्रथम आपको स्वयं में दृढ़ता लानी होगी। इसे हर हाल में अपने मन से खत्म करना होगा, क्योंकि भय मन का जहर है। हालांकि कभी-कभी भय आसन्न संकटों से हमारी रक्षा का काम करता है। जैसे एक हिरण के सामने शेर आ जाये तो वो आसन्न संकट को देख उसके भय से भागना चाहेगा, जो उसके जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक भी है और उसमें वो सफल भी होता है। लेकिन यही भय जब हमारे मन में बैठ जाता है और अगर ये अवचेतन मन में जगह बना लें तो जीवन को पूरी तरह नष्ट भी कर डालता है। उन्होंने कहा कि दरअसल भय चुम्बक की तरह है। अगर इसे मन में पाल लिया जाय, तो ये बार-बार हमारे जीवन में आयेगा और अगर इसे हमने मन में जगह नहीं दिया तो कभी भी हमारे जीवन में दुबारा आने की साहस नहीं करेगा। मतलब साफ है कि इस भय से आप डरेंगे तो ये बार-बार डरायेगा और नहीं डरेंगे तो फिर कभी आपके पास नहीं फटकेगा। उन्होंने कहा कि कष्ट सभी को होता है। कुछ लोग कष्ट का सामना करते हैं। जो कष्ट का सामना करते हैं। कष्ट उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ पाता और जो कष्टों के सामने रोना लेकर बैठ जाते हैं, उन्हें वहीं कष्ट उनके जीवन को नष्ट करने में प्रमुख भुमिका निभाने लगता है। इसलिए कहा जाता है कि जो डरते हैं, वे जीवन में कुछ नहीं कर पाते। जिस संस्थान में भय समाता है। वो संस्थान भी नष्ट हो जाता है। स्वामी गोकुलानन्द ने कहा कि याद रखें कि भय आत्मा के गुणों पर कवर डाल देता है। भय जैसे ही मन में घर बनाने की कोशिश करें, उसे मन रूपी घर से निकाल फेंकने का काम करें। भय आयें या सताएं तो ऐसे समय में कोई अच्छी किताबें पढ़ने की कोशिश करें या कोई अच्छी मुवी देखने की कोशिश करिये या कोई कॉमेडी शो ही देख लिया कीजिये, ताकि आपका आये हुए भय से डाइवर्ट हो। लेकिन इससे भी अच्छा है कि आप ध्यान करें। ऐसे भी जो बराबर ध्यान करते हैं। उन्हें भय कभी सता ही नहीं सकता। न ही ऐसे लोग भय से भय खाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज इटखोरी में, जिले वासियों को देंगे कई स्वगात

**चतरा/इटखोरी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास महोत्सव मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री रांची से दोपहर करीब 12:30 बजे हेलीकॉटर से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री चतरा और कोडरमा जिले से संबंधित 1.5 हजार करोड़ योजनाओं का शिलान्यास व 5 लाख लाभुकों के बीच 7.25 सौ करोड़ से अधिक के परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगें। चतरा जिले के इटखोरी में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक और सुरक्षात्मक व्यवस्था की गई है। लगभग करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होगा। वहीं सीएम दोनों जिले के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे।

# अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार, दो किलो गांजा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बनाते तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधी चंदवा थाना क्षेत्र के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति या ठेकेदार को लेवी के लिए जान मारने के उद्देश्य से इकट्ठा हुए थे। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल ही छापामारी दल का गठन किया गया। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने पुलिस सभागार में प्रेसवार्ता कर बताया कि सासंग स्थित रामपुर बारी जानेवाले मोड़ पर स्थित यात्री शेड के पास से खड़े सात आठ लड़के बात कर रहे थे। उपरोक्त लोगों के पास पलास्टिक का झोला भी था। इस बीच छापेमारी दल की नजर जैसे ही अन लोगों पर पड़ी तो तीन लड़के पल्सर बाइक पर सवार होकर तथा अन्य पांच छह लड़के इधर-उधर भागने लगे। पुलिस दल द्वारा घेर कर बाइक सवार तीन लड़के को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया की अन्य लड़के भागने में सफल रहे। पकड़े गए युवकों से नाम पता पूछने व तलाशी लेने पर बाइक चालक उमेश कुमार सिंह उम्र 27 चंदवा बताया। तलाशी लेने के क्रम में उसके पैंट के दाहिने पॉकेट में 25 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ बरामद किया गया। बाइक एक अन्य व्यक्ति ने अपना नाम अश्विनी कुमार खिदारपुरा कुरुक्षेत्र हरियाणा बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके दाहिने हाथ में पकड़े बताया कि अश्विनी कुमार का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। अपराधियों के पास से दो मोबाइल भी बरामद किया गया। छापेमारी दल में पुनि रणधीर कुमार थाना प्रभारी चंदवा, आईओ आनंद कुमार रवि, पुअनि अशोक कुमार, रामरेखा सिंह, सरोज कुमार, व सशस्त्र बल शामिल थे। प्लास्टिक झोले में पीला रंग का प्लास्टिक के रैपर में लपेटा करीब दो किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम प्रिंस कुमार गाडीरो डांग कुरुक्षेत्र हरियाणा बताया। भागने वाले साथी का नाम पता पूछने पर दिलीप टोप्पो उर्फ दिलीप उरांव कसमार हेरंहंज, सुकल कट्टा बताया। उन्होंने

### हाइवा ने दोपहिया सवार को कुचला, मौत, विरोध में सड़क जाम

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र बिंगलात स्थित एक नंबर गेट के समीप सोमवार दोपहर को एक अनियंत्रित कोल वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को रौंद देने उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार टीवीएस कंपनी में रिकवरी एजेंट के तौर पर काम करने वाले थाना क्षेत्र के बुकरु निवासी 35 वर्षीय प्रवेश सिंह पिता गौतम सिंह दोपहिया वाहन से अपने घर आने के दौरान एक अनियंत्रित हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में मौजूद लोगों ने ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां उसने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि मृतक घर का इकलौता चिराग था। दुर्घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है। परिजनों समेत ग्रामीण व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौके पर पहुंचने से पहले ही पुलिस कोल वाहन को घटनास्थल से कैंप ले जाया गया। मोटरसाइकिल को थाना ले जाने के लिए पिकअप में पुलिस ने लोड कराया था। ग्रामीणों ने उसे उतरवा कर टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में शव को रखकर मुआवजा व नौकरी देने की मांग करते हुए आवागमन बाधित कर दिया। देर शाम तक वार्ता के लिए सीसीएल का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचने से नाराजगी प्रकट की।कोल वाहनों से बढ़ते दुर्घटनाओं पर लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। परिजनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा समुचित मुआवजा व आश्रित को स्थाई नौकरी देने की मांग की जा रही थी।

## मनिका, बरियातू, लातेहार बीडीओ तीन दिनों में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करायें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीआरडीए से संचालित विभिन्न योजनाओं को गति देने व धरातल पर हो रहे कार्यों के लिए समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में अबुआ आवास, मनरेगा, पीएम आवास, समेत अन्य योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। वर्तमान प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि के भीतर पूरा करें। लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर रोष प्रकट किया। साथ ही निर्देशत दिया कि तीन दिनों के अंदर योजनाबद्ध तरीके से लंबित कार्यों को गुणवतापूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। योजना पूर्ण नहीं होने पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, बीपीओ पर विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना व अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए उप विकास आयुक्त के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, संबंधित कार्यपालक अभियंता, संबंधित पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ समेत अन्य उपस्थित थे।

### आवागमन बाधित रहने से घंटो इंतजार के बाद एम्बुलेंस निकला

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार में सोमवार को मोटरसाइकिल चालकों द्वारा मनमाने ढंग से जैसे-तैसे सड़क पर मोटरसाइकिल पार्क करने से राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मोटरसाइकिल को इस तरह पार्क करने से पूर्ण रूप से सड़क बाधित हो जाता हैं। ऑटो, पिकअप, बोलेरो आदि कोई भी वाहनों को निकलना मुश्किल हो जाता है। सोमवार को एम्बुलेंस को भी निकलने में घंटो का समय लग गया।

### जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत भवन में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीओ सन्नी राज, एसडीपीओ अजय कुमार केसरी, पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, अंचलाधिकारी ऊदल राम के साथ गिद्धौर के पीएलभी शम्भू कुमार राणा, शारदा भारती, पीएलभी रविंदर कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कई समस्याओं को रखा। पदाधिकारियों ने समस्या के शीघ्र समाधान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर मुन्नीलाल दांगी, मो. नवाजुद्दीन, पूर्व मुखिया मेघन दांगी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने रोड शो कार्यक्रम की समीक्षा की

**हेरहंज।** भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित संतोष यादव के आवास पर 25 सितंबर को होने वाले (रोड शो) कार्यक्रम की समीक्षा की। जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम के संदर्भ में आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम की रूट चार्ट की जानकारी दी। निर्धारित समय में रोड शो कार्यक्रम संपन्न करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री अमलेश कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदेव गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल, विजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुड्डु वर्मा कोषाध्यक्ष मनोज यादव ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव, युवा मोर्चा महामंत्री पिंटू यादव, प्रिंस कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी सेविका प्रखंड कमेटी गठित, लीलावती बनी अध्यक्ष

**बरवाडीह।** बरवाडीह पुराना ब्लॉक परिसर मे सोमवार को आंगनवाडी सेविका संघ का प्रखंड स्तरीय बैठकसीता मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य उदेश्य आंगनवाड़ी सेविकाए को हर सुख दुःख मे साथ देने और आंगनवाड़ी सेविका को संबंधित पदाधिकारी के द्वारा हो रहे शोषण को बंद करने लिए यह बैठक रखी गई। बैठक के अंत मे एक प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष लीलावती देवी, सचिव चंपा कुमारी, कोषाध्यक्ष संगीता, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू को प्रखंड संरक्षक बनाया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड संरक्षक प्रेम कुमार सिंह (पिंटू) ने कहा सुख दुःख में आंगनवाड़ी सेविका के साथ है। कहीं भी किसी तरह का समस्या उत्पन्न हो उनसे संपर्क करें समाधान किया जाएगा। मौके पर सुनैना देवी, सरिता देवी, बबिता देवी, तेजमानी देवी, मोनू देवी, मनमती देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, उषा देवी, गरिमा देवी, रेनुबाला, रेखा देवी, सुगिया देवी समेत सभी आंगनवाड़ी सेविका मौजूद थी।

### पंसस ने प्रमुख के नेतृत्व में दिया धरना

**बरवाडीह।** प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में पांच सूत्री मांगो को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की आयोजित तालाबंदी कार्यक्रम सह विरोध प्रदर्शन के दौरान तालाबंदी करने के पूर्व ही सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्य प्रखंड कार्यलय पहुंच कर मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। एमओ, एजीएम को हटाने समेत अन्य मांग को लेकर नारेबाजी की। पंसस के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही बीडीओ की गैर मौजूदगी में सीओ मनोज कुमार ने मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया।0 सभी मांग को उपायुक्त से अवगत कराने का लिखित आश्वासन दिया। प्रमुख ने बताया कि एमओ व एजीएम की कार्यशैली की शिकायत के बाद भी विभाग कार्रवाई नहीं कर रही है। साथ ही पंचायत में बालू उठाव से प्राप्त राजस्व का कोई लेखा जोखा नहीं है।

## झारखंड में बुनियादी सुविधाओं की आज भी समस्याएं : चिराग पासवान

**लातेहार।** झारखंड में विधान सभा चुनाव होने होने वाला। पिछले पांच वर्षो में देखा जाए तो झारखंड में विकास तीव्र गति से आगे बढ़ सकता था, लेकिन यहां विकास तो दूर झारखंड की घटना क्रम से शर्मिंदा होना पड़ा। झारखंड के मुख्य मंत्री को भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने के कारण जेल जाना पड़ा। ये बातें केंद्रीय मंत्री सह लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जिला खेल स्टेडियम में आयोजित हुंकार रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि चुनने की जरूरत है। जो शर्मिंदा न करें और जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास करें। उन्होंने कहा एक ओर जहां यूपी विकास के मापदंड पर आगे बढ़ा, वहीं झारखंड में बुनियादी सुविधा और समस्या की स्थिति आज भी बनी हुई है। राज्य में महिलाओं का सम्मान नहीं हैं। युवाओं को शिक्षा, रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा किमंथन और अध्यन करने की जरूरत है कि जिन लोगों को जनता से चुन कर विधानसभा भेजा वह पांच सालों में कितना काम किए। उन्होंने यहां के युवाओं और लोगों से वादा किया कि वह उनका साथ दें झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा कर देंगे। युवाओं को रोजगार शिक्षा के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर लोगों के सुख-सुविधा की बात करेंगे। हुंकार रैली को खगड़िया सांसद राजेश वर्मा, जमुई सांसद अरुण भारती, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान समेत कई अतिथियों ने संबोधित किया। स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने दिया। जिले की व्याप्त मुख्य समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। मौके पर बिहार से मोनू अलबेला काव्य कृष्णमूर्ति समेत कई भोजपुरी सिंगर कलाकार भी मौजूद थे। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से लोगो को अपनी ओर आकर्षित करने किया।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–लातेहार (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनिज मिंज , सत्येन्द्र सिंह एवं धनेश्वर उराँव द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–307/24<br>2. आवेदक–राजेश उराँव, पिता–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–धनदेव , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–308/24<br>2. आवेदक–महावीर उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–धाधू , पोस्ट–भैंसादोन , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–309/24<br>2. आवेदक–तापेश्वर भगत , पिता–स्व0 करमा भगत<br>3. ग्राम–खुटेर , पोस्ट–मुरपा , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–310/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र उराँव , पिता–चैतू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–311/24<br>2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–312/24<br>2. आवेदक–मंजवा उराँव , पिता–स्व0 बनिया उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पिछे जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–313/24<br>2. आवेदक–बासदेव उराँव , पिता–स्व0 गुजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो, पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–314/24<br>2. आवेदक–संजय उराँव , पिता–स्व0 बनया उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–315/24<br>2. आवेदक–रमला मसोमात, पति–स्व0 लालदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–316/24<br>2. आवेदक–सुगन देवी , पति–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँये कान के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–317/24<br>2. आवेदक–गोदे उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट पर सफेद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–318/24<br>2. आवेदक–लखन उराँव , पिता–स्व0 भिखा उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम पाल्ही , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–319/24<br>2. आवेदक–पौलूस उराँव , पिता–सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–320/24<br>2. आवेदक–परमेश्वर उराँव , पिता–स्व0 लेला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें अंगुठे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–321/24<br>2. आवेदक–रूपवा मसोमात , पति–स्व0 विषूनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथे पर गोदने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–322/24<br>2. आवेदक–दासो देवी, पति–रामधनी उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीने पर गोदने का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–323/24<br>2. आवेदक–शुक्र उराँव , पिता–स्व0 गुजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर सफंद दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–324/24<br>2. आवेदक–मुकेश उराँव , पिता–धनेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–कोमर , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठे पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–325/24<br>2. आवेदक–सुन्दर लाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–326/24<br>2. आवेदक–बुद्धदेव उराँव , पिता–स्व0 भिखा उराँव<br>3. ग्राम–घुटाम पालही , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–327/24<br>2. आवेदक–लालो देवी, पति–स्व0 नागदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–328/24<br>2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–स्व0 रामदेव उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–329/24<br>2. आवेदक–उपेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 बालेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–धाधो , पोस्ट–भैंसादोन , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–330/24<br>2. आवेदक–जयलाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–331/24<br>2. आवेदक–भीम उराँव , पिता–भैरो उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर सिखा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–332/24<br>2. आवेदक–बुद्धदेव उराँव , पिता–स्व0 सुखदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–333/24<br>2. आवेदक–चैतु उराँव , पिता–स्व0 मुन्डल उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–78 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–334/24<br>2. आवेदक–रेगलाल उराँव , पिता–स्व0 मुन्ना उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–335/24<br>2. आवेदक–तुलसी उराँव , पिता–स्व0 भोला उराँव<br>3. ग्राम–बालू , पोस्ट–बालू , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–336/24<br>2. आवेदक–ब्रह्मदेव उराँव , पिता–स्व0 फागु उराँव<br>3. ग्राम–गाड़ी सुरांगी टोला, पोस्ट–बरियातु , थाना–बरियातु, प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–337/24<br>2. आवेदक–लखन उराँव , पिता–पहला उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–338/24<br>2. आवेदक–श्यामदेव उराँव , पिता–स्व0 गुंजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–339/24<br>2. आवेदक–फुलदेव उराँव , पिता–स्व0 नागदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–340/24<br>2. आवेदक–सोमा उराँव , पिता–स्व0 गुंजर उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–341/24<br>2. आवेदक–मुनेश्वर उराँव , पिता–स्व0 डहरू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–342/24<br>2. आवेदक–जगरनाथ उराँव , पिता–स्व0 धनदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–343/24<br>2. आवेदक–रूपन उराँव , पिता–स्व0 जितू उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने भौं पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–344/24<br>2. आवेदक–रामधनी उराँव , पिता–स्व0 जगवा उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के बगल तिल । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–345/24<br>2. आवेदक–सोमरा उराँव , पिता–स्व0 बसु उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल । | कंडिका–2(ix) |
